वर्ष : 10 ■ अंक : 24 ■ मूल्य : 03 रुपए ■ पृष्ठ : 8 RNI.NO. RAJHIN/2015/66828



# दैनिक कंट्री विजन

खबरों का नया नज़रिया



3 3

जयपुर, सोमवार, 8 जून 2026

## राज्य बीज निगम के निदेशक सहित छह हिरासत में, 2.44 करोड़ रुपये बरामद





### नकली बीज प्रकरण में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

कंट्री विजन/ जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नकली बीज प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य बीज निगम के निदेशक जुगल किशोर विश्नोई सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि उनके भांजे स्वतंत्र विश्नोई को 85 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया है। अब तक की कार्रवाई में कुल 2 करोड़ 44 लाख रुपये की राशि बरामद की गई है।

एसीबी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नकली और खराब गुणवत्ता वाले बीजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गजराज ब्रांड के मूंगफली बीजों से संबंधित कंपनी के गोदाम पर पूर्व में छापा मारकर उसे सील किया गया था तथा बीजों की बिक्री पर रोक लगाते हुए नमूने जांच के लिए भेजे गए थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गोदाम से बीज वापस गुजरात ले जाने तथा मामले को दबाने के लिए कथित रूप से रिश्वत का लेन-देन हुआ। आरोप है कि निदेशक जुगल किशोर विश्नोई ने लगभग 1.20 करोड़ रुपये तथा गणपत विश्नोई ने करीब 60 लाख रुपये प्राप्त किए।

एसीबी को सूचना मिली थी कि इस राशि का एक हिस्सा स्वतंत्र विश्नोई के माध्यम से श्रीगंगानगर भेजा जा रहा है। इस पर टीम ने लूणकरणसर में एक बस को रुकवाकर तलाशी ली, जहां स्वतंत्र विश्नोई के पास से 85 लाख रुपये नकद बरामद हुए। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान जुगल किशोर विश्नोई के निवास से 1 करोड़ 59 लाख रुपये तथा बस से 85 लाख रुपये बरामद किए गए। मामले में जुगल किशोर विश्नोई, किरण कापड़िया, गणपत विश्नोई, सुनील सेतिया और सतपाल से पूछताछ की जा रही है। एसीबी के अनुसार जांच में यह भी सामने आया है कि संबंधित पक्षों द्वारा बीजों के नमूनों को प्रयोगशाला में पास करवाने और बिक्री दोबारा शुरू कराने जैसे अनुचित लाभ प्राप्त करने के प्रयास किए गए। प्रकरण की विस्तृत जांच एसीबी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में जारी है।

## कैग का खुलासा: सफाई से हो रहा 'आंकड़ों का कचरा'

कंट्री विजन/ जयपुर

**जयपुर ।** जयपुर को वर्षों से स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन का मॉडल शहर बताया जाता रहा है, लेकिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 3 साल की ऑडिट रिपोर्ट, जो इस साल फरवरी में सरकार को सौंपी गई है, उसने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर में कचरे की मात्रा और संग्रहण को लेकर राज्य सरकार और नगर निगम के आंकड़ों में बड़ा अंतर है। वर्ष 2021-22 में प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन के सरकारी और निगम के आंकड़ों में 10% का अंतर दर्ज किया गया, जबकि 18 में से 16 शहरी निकायों में 3 से 51% तक की विसंगति सामने आई।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान जल आत्मनिर्भरता की ओर से तेजी से अग्रसर

*338 गांवों की 42 हजार हेक्टेयर भूमि को लिफ्ट सिंचाई प्रणाली से मिलेगा जल*

**2500 करोड़ रुपए लागत से निर्माणाधीन परियोजना, 102 किलोमीटर परियोजना की कुल मुख्य नहर लंबाई**

**कंट्री विजन/ जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा 'अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना' को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए युद्धस्तर पर कार्य करवाए जा रहे हैं। वागड़ अंचल के किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभर रही इस परियोजना से जनजाति बहुल क्षेत्र में कृषि व्यवस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। परियोजना की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। समयबद्ध और पारदर्शिता से कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्माण









एजेंसियों को विभागीय निर्देश दिए गए हैं। इस परियोजना के लिए 78 गांवों की लगभग 270 हेक्टेयर निजी भूमि का नियमानुसार अधिग्रहण किया जा रहा है।

### स्काडा प्रणाली से ऑटोमाइज होगी मॉनिटरिंग

परियोजना में अत्याधुनिक स्काड़ा (पर्यवेक्षक नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण) प्रणाली भी विकसित की जा रही है। इससे सम्पूर्ण प्रेशर प्रणाली आधारित तंत्र का संचालन एवं मॉनिटरिंग पूर्णतः ऑटोमाइज्ड होगी। इस प्रणाली से जल वितरण को समान रूप से सुनिश्चित करने, दबाव एवं प्रवाह को स्वचालित रूप से नियंत्रित करने तथा रियल टाइम डेटा मॉनिटरिंग एवं संचालन नियंत्रण की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रणाली से पम्पिंग स्टेशन, रिलीफ वाल्व, हाइड्रेंट एवं विभिन्न शाखाओं में जल प्रवाह की सतत निगरानी संभव होगी।

वर्तमान में नहर की 42 किलोमीटर में काम किया जा रहा है। इनटेक स्ट्रक्च र एवं स्लूइस बैरल का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। टनल कार्य, एक्वाडक्ट, साइफन, कट एंड कवर के साथ नहर से डिग्गी तक भूमिगत पाइपलाइन नेटवर्क निर्माण कार्य भी विभिन्न स्थानों पर निरंतर जारी है।

## अभिजीत बोले- भारत की राजनीति में सिर्फ हिंदू-मुस्लिम का एजेंडा




**संभाजीनगर ।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- पिछले 10-12 साल में देश की राजनीति हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर केंद्रित रही है। इससे रोजगार नहीं मिलेगा। सरकार की प्राथमिकताओं में बदलाव होना चाहिए। CJP फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने शाम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। दीपके ने कहा- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए एजेंडा तैयार किया जाएगा। बेरोजगारी भी देश का बड़ा मुद्दा है। आंदोलन यहीं नहीं रुकेगा।

* जंतर-मंतर की भीड़ और तस्वीरें खुद बताती हैं कि वहां कौन लोग थे। कितने लोगों को पाकिस्तानी कहा जाएगा? क्या प्रदर्शन कर रहे छात्रों, सवाल पूछने वाले मीडिया और विपक्ष को भी पाकिस्तानी कहा जाएगा?

* यह Gen Z का आंदोलन है। हमने किसी राजनीतिक दल के नेताओं से बात नहीं की है। कोई समर्थन देना चाहता है तो बाहर से दे सकता है, लेकिन हम किसी पार्टी से नहीं जुड़ेंगे।

* CJP की तुलना पड़ोसी देशों में हुए आंदोलनों से नहीं की जानी चाहिए। जंतर-मंतर का प्रदर्शन बहुत शांतिपूर्ण था। इसमें देशभर से युवा शामिल हुए थे।

## अवैध निर्माणों पर चलेगा बुलडोजर: भारत-पाक सीमा के पास विशेष सर्वे शुरू



**कंट्री विजन/ जैसलमेर ।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में बने निर्माणों और कब्जों की जांच के लिए प्रशासन ने विशेष सर्वे अभियान शुरू किया है. बीएसएफ, इंटेलिजेंस ब्यूरो , मिलिट्री इंटेलिजेंस और राजस्व विभाग के समन्वय से चल रहे इस सर्वे को करीब एक सप्ताह हो चुका है.

अधिकारियों को अक्टूबर तक सर्वे पूरा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं. रिपोर्ट के आधार पर अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीकानेर दौरे के दौरान आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सीमा क्षेत्र में अवैध कब्जों और निर्माणों को हटाने के निर्देश दिए गए थे. इसके बाद सीमा से सटे जिलों में 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया गया है. प्रशासन का मानना है कि सीमा क्षेत्र में अनियंत्रित और संदिग्ध निर्माण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकते हैं. जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने जानकारी दी कि सीमा क्षेत्र में बने भवनों, फार्म हाउस, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य निर्माणों की वैधता की जांच के लिए राजस्व विभाग की टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है. प्रशासन यह पता लगाएगा कि निर्माण कार्यों में उपयोग की गई राशि का स्रोत क्या है और इसके पीछे कौन लोग जुड़े हुए हैं. आवश्यकता पड़ने पर बीएसएफ, आईबी और मिलिट्री इंटेलिजेंस की मदद से सुरक्षा संबंधी पहलुओं की भी जांच की जाएगी.

## अब इंटर्नशिप के बिना नहीं मिलेगी डिग्री, राजस्थान यूनिवर्सिटी ने गठित किया सेंट्रल इंटर्नशिप बोर्ड, QR कोड से होगी सर्टिफिकेट की जांच

**कंट्री विजन/ जयपुर ।** राजस्थान विश्वविद्यालय से संबद्ध और संघटक कॉलेजों में पढ़ने वाले लाखों छात्रों के लिए इंटर्नशिप अब सिर्फ औपचारिकता नहीं बल्कि डिग्री प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त बन गई है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रत्येक छात्र को 4 क्रेडिट अर्जित करने के लिए 120 घंटे की इंटर्नशिप करनी होगी. छात्रों को सही संस्थान चुनने, फर्जी प्रमाण-पत्रों से बचाने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी ने सेंट्रल इंटर्नशिप बोर्ड का गठन किया है. साथ ही इंटर्नशिप प्रमाण-पत्रों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू की जा रही है. प्रमाण-पत्र को संबंधित संस्था की वेबसाइट पर सत्यापित किया जा सकेगा. हालांकि, विश्वविद्यालय ने छात्रों को राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि सत्र 2025-26 के लिए त्तक्र ष्टश्वस्त्रद्द की बाध्यता अनिवार्य नहीं होगी. ये व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पूरी तरह लागू होगी. वहीं, राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि राजकीय संस्थाओं की ओर से जारी प्रमाण-पत्रों पर QR Code की आवश्यकता नहीं होगी. कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा के अनुसार लाखों छात्रों के इंटर्नशिप कार्यक्रम



को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सेंट्रल इंटर्नशिप बोर्ड गठित किया गया है. इस बोर्ड में संघटक कॉलेजों के प्रतिनिधि, सरकारी कॉलेजों के प्राचार्य, प्राइवेट कॉलेजों के प्राचार्य शामिल किए गए हैं. ये बोर्ड निगरानी रखेगा कि छात्रों को इंटर्नशिप प्राप्त करने में क्या समस्याएं आ रही हैं और उन्हें कैसे दूर किया जाए कुलगुरु ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल प्रमाण-पत्र बांटना नहीं बल्कि छात्रों में वास्तविक कौशल विकसित करना है. इसी कारण छात्रों को पेड इंटर्नशिप, फर्जी या केवल कागजी इंटर्नशिप लेने से बचाने के लिए निगरानी तंत्र विकसित किया गया है. विश्वविद्यालय यदि सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रत्येक छात्र वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त करे और रोजगार के लिए आवश्यक कौशल विकसित कर सके. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राजस्थान विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कर दिया है । कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी यूजी और पीजी छात्रों को अपने कोर्स के दौरान कम से कम एक बार 120 घंटे की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी.

### फर्जीवाड़े पर रोक के लिए QR कोड व्यवस्था

नई शिक्षा नीति के तहत इंटर्नशिप प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया, लेकिन जयपुर में हाल ही में कुछ फर्जी प्रमाण पत्र भी सामने आए, जिस पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जयपुर की आगरा रोड स्थित महाराजा विनायक कॉलेज को नोटिस भी जारी किया गया है. इसके अलावा जिन संस्थाओं एनजीओ के नाम पर फर्जी प्रमाण पत्र जारी किया गया उसकी भी जांच की जाएगी. आगे इस तरह के फर्जी प्रमाण पत्र न बने इसे रोकने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन अब क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू करने जा रहा है.

## अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 451 रन से आगे

**पहली पारी 564/8 पर घोषित की, दूसरे दिन अफगानिस्तान का स्कोर 113/5; सुथार को 3 विकेट**




**न्यू चंडीगढ़ ।** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट की पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित की। रविवार को न्यू चंडीगढ़ में दूसरे दिन के स्टंप्स तक अफगानिस्तान की टीम 5 विकेट पर 113 रन बना पाई। रहमत शाह 43 रन पर नाबाद लौटे। भारत पहली पारी के आधार पर 451 रन से आगे है। भारत के लिए डेब्यू कर रहे मानव सुथार ने 3 विकेट लिए। उन्होंने रहमानुल्लाह गुरबाज, अब्दुल मलिक और अफसर जजई को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा ने कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी और सेदीकुल्लाह अटल के विकेट लिए। डेब्यू कर रहे लेफ्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार ने अपने पहले ही ओवर में विकेट लिया। इसके साथ ही वे ऐसा करने वाले भारत के आठवें खिलाड़ी बन गए। 25 साल बाद किसी भारतीय ने यह कारनामा किया। इससे पहले 2001 में टीनू योहानन ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट के पहले ओवर में विकेट लिया था। कप्तान शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 126 रन बनाए। ओपनर केएल राहुल ने 100 रन की पारी खेली। ऋषभ पंत और साई सुदर्शन ने 81-81 रन बनाए। वॉशिंगटन सुंदर 52 और कुलदीप यादव 9 रन बनाकर नाबाद रहे। डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और ध्रुव जुरेल ने 19 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 12 गेंदों पर 22 रन बनाए।

## 6 जिलों के 108 डॉक्टर SOG के रडार पर

**जयपुर ।** कजाकिस्तान से एमबीबीएस कर भारत में प्रैक्टिस के लिए जरूरी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) पास नहीं करने के बाद भी फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर प्रैक्टिस करने वाले 108 डॉक्टर एसओजी के रडार पर आ गए हैं। पकड़े गए तीनों डॉक्टरों से पूछताछ में बड़े रैकेट का संचालित होना सामने आया है। गिरफ्तार आरोपी नरेश गुर्जर ने खुद फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने के बाद अन्य डॉक्टरों के लिए भी दलाली की और अपने साथ पढ़े राजू गुर्जर समेत कई लोगों को फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध करवाए।

## मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा: MP-राजस्थान में 50kmph की रफ्तार से आंधी चली

**कंट्री विजन/ जयपुर ।** मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है। IMD के मुताबिक मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40एष्ट का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। एमपी में भोपाल समेत 4 जिलों में 50kmph की



रफ्तार वाली आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे।

**मानसून अलर्टः-** तीन दिन की देरी से पहुंचने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। 4 दिन के अंदर इसने 7 राज्यों को कवर कर लिया है। शनिवार को मानसून ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में एंट्री ली। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में पहुंचा था। केरलम में मानसून 4 जून को पहुंचा था। IMD के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है।

स्काईमेट वेदर के एक्सपर्ट जीपी शर्मा के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है।

## 18 साल का सार्थक CBI से तेज निकला - राहुल गांधी

**कंट्री विजन/ नई दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को CBSE स्टूडेंट सार्थक सिद्धांत से मुलाकात का 8.15 मिनट का वीडियो अपने X अकाउंट पर शेयर किया। दोनों की मुलाकात 2 जून को दिल्ली में हुई थी। 18 साल के सार्थक सिद्धांत ने CBSE की 12वीं क्लास के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और OSM का काम करने वाली कंपनी COEMPT से जुड़ी टेंडर प्रोसेस में गड़बड़ी का खुलासा किया है। राहुल ने कहा, राहुल गांधी ने CBSE 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की थी। कैप्शन में लिखा- जिन साहसी युवाओं ने CBSE और मोदी सरकार से आसान सवाल पूछे, उन्हें जवाब की जगह अपमान मिला। वीडियो में छात्रों ने राहुल से कहा था कि आंसर शीट को लेकर सवाल पूछने पर हमें एंटी-नेशनल, डीप स्टेट एजेंट्स, आतंकवादी और पाकिस्तानी कहा गया। राहुल ने हंसते हुए कहा- 17 साल के डीप स्टेट एजेंट्स। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं। राहुल गांधी ने OSM का काम करने वाली कंपनी



COEMPT पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि CBSE ने जिस COEMPT कंपनी को एग्जाम के डिजिटल इवैल्यूएशन का ठेका दिया है ।

*CBSE के OSM पोर्टल की गड़बड़ी उजागर की, ये नौजवानों की जीत*

### राहुल बोले- PM आम पर बोलते हैं, छात्रों के लिए समय नहीं

राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट करने के करीब 6 घंटे बाद एक और पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था आज सुबह प्रधानमंत्री के पास आमों पर बात करने का समय था, लेकिन उन 18.5 लाख छात्रों के बारे में बोलने का समय नहीं था। उन्होंने कहा- मई 2025 में CBSE के टेंडर में आंसर शीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर से 300 DPI क्वालिटी में स्कैन करने की शर्त थी।

## 48 साल के पायलट को गहलोत बच्चा समझते हैं

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का बड़ा बयान

**कंट्री विजन/ जयपुर ।** राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं. गहलोत के मानेसर एपिसोड वाले हालिया बयान के बाद बीजेपी खेमे से भी प्रतिक्रिया सामने आई है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस में नई पीढ़ी की आहट से उनकी बेचैनी



काफी बढ़ गई है. राठौड़ ने कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान की तरफ इशारा करते हुए कहा कि गहलोत की राजनीतिक प्रासंगिकता अब सिमटती जा रही है. बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सक्रियता साबित करने की छटपटाहट में गहलोत राजनीतिक विरोधियों से ज्यादा अपनी ही पार्टी के नेताओं पर निशाना साध रहे हैं. गहलोत आज भी मानेसर प्रकरण को भुला नहीं पाए हैं और इस मुद्दे को उठाकर वे न केवल सचिन पायलट, बल्कि कांग्रेस आलाकमान को भी उस घटना की याद दिलाते रहते हैं. उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत आज भी सचिन पायलट को %बच्चा% ही समझते हैं, जबकि पायलट (48) लंबे अरसे से कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं.

## भारत की जन्मदर में रिकॉर्ड गिरावट, एलन मस्क ने जताई चिंता, बोले- रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे पहुंचा आंकड़ा

**कंट्री विजन/ नई दिल्ली ।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने भारत की घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई है. मस्क ने कहा है कि भारत की जन्म दर अब उस स्तर से नीचे पहुंच गई है, जो किसी देश की आबादी को स्थिर बनाए रखने के लिए जरूरी मानी जाती है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के



जरिए यह अपनी बात कही और भारत की बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति पर चिंता जताई. एलन मस्क का बयान ऐसे समय में आया है जब अनुमानों के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) गिरकर 1.9 पर आ गई है. इतना ही नहीं किसी भी देश की आबादी को बिना किसी बाहरी प्रवासन के एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थिर बनाए रखने के लिए आमतौर पर 2.1 की प्रजनन दर की जरूरत होती है. इसमें भी भारत अब इस बेंचमार्क से नीचे (1.9) आ चुका है.

### भारत की कितनी क्या आबादी है?

वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या 1.46 अरब से अधिक है. वर्ष 2023 में भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने का गौरव प्राप्त कर लिया था.

## वनखंडी आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

### 101 महिलाओ द्वारा निकली गई भव्य कलश यात्रा



प्रदीप जांगिड/ कंट्री विजन/ नारायणपुर।

उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अजबपुरा में रविवार को श्रद्धा और आस्था का उल्लासपूर्ण नजारा देखने को मिला। वनखंडी महादेव आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व 101 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।भैरवानंद महाराज के सानिध्य में यह कलश यात्रा प्रेमपुरा श्याम मंदिर से सुबह 10 बजे पंडित अशोक कुमार व रुपेश शर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश उठाने के साथ शुरू हुई। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में गाजे-बाजे के साथ गांव के मुख्य बाजारों से होती हुई कथा स्थल वनखंडी आश्रम पहुंची।भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने घरों और दुकानों के बाहर रंगोली सजाकर एवं फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह महिलाओं की आरती उतारी गई। कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की पुस्तक को सिर पर रखकर परिक्रमा भी करवाई गई।भैरवानंद महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का उद्देश्य क्षेत्र में धर्म, संस्कार और आपसी सद्भावना को मजबूत करना है। कथा से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।कथा वाचन गोविंद शास्त्री गोवर्धन वाले कर रहे हैं। शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से पापों का नाश होता है। कथा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक होगी। समापन 14 जून को हवन-यज्ञ के बाद दोपहर विशाल भंडारे के साथ होगा।

### नारायणपुर का गौरव बना मोहित सैन

## दिल्ली विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान के पश्चात आईआईटी बॉम्बे में तकनीकी स्नातकोत्तर एवं शोध हेतु चयन

प्रदीप जांगिड / कंट्री विजन / नारायणपुर।

हौसले और परिश्रम के आगे साधनों की कमी भी बौनी पड़ जाती है। नारायणपुर कस्बे के होनहार युवा मोहित सैन ने अपनी लगन से यह सिद्ध कर दिखाया। दिल्ली विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के बाद अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी बॉम्बे में तकनीकी स्नातकोत्तर एवं उच्च स्तरीय शोध के लिए चयन पाकर मोहित ने न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम उज्ज्वल कर दिया।सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद मोहित ने अपने स्वप्न को साकार किया। पहले दिल्ली विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सभी को आश्चर्यचकित किया, और अब देश की सर्वोच्च संस्था आईआईटी बॉम्बे में शोध का निमंत्रण पाकर इतिहास रच दिया। आईआईटी बॉम्बे में तकनीकी स्नातकोत्तर के साथ उच्च स्तरीय



अनुसंधान का चयन देश की सबसे कठिन उपलब्धियों में से एक माना जाता है।मोहित के चयन का समाचार मिलते ही पूरे उपखंड क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मिठाइयां बांटीं, ग्रामीणों ने बधाइयों की बौछार कर दी। बुजुर्गों की आंखें भर आईं और उन्होंने कहा कि मोहित की इस सफलता से पूरे क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। हर जुबान पर एक ही नाम था - नारायणपुर का लाल। मोहित की यह सफलता उनके अटूट संकल्प और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। सीमित सुविधाओं के बीच भी उन्होंने हार नहीं मानी। अध्ययन के साथ-साथ स्वयं को निखारते रहे और आज देश की सर्वोच्च प्रयोगशाला में पहुंच गए। उनकी यह यात्रा हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो सोचता है कि गांव में रहकर बड़े लक्ष्य प्राप्त नहीं किए जा सकते।आईटी बॉम्बे में चयन पर मोहित ने कहा, मैं अपने माता-पिता, गुरुओं और गांव के लोगों का आभारी हूं। मेरा लक्ष्य अब भारत के लिए विज्ञान और शोध के क्षेत्र में कुछ नया करना है, ताकि देश का नाम विश्व में और ऊंचा हो सके।

## दिव्यांग बालकों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण व डिप्लोमा दिलाने हेतु की घोषणा

अनिल कुमार/ कंट्री विजन/ बहरोड़।

भारतीय संस्कृति प्रचार अभियान के अंतर्गत रविवार को बहरोड़ कस्बे के तलवाड रोड़ स्थित सरबती देवी दिव्यांग सशक्तीकरण केन्द्र द्वारा संस्था प्रांगण में योग विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शिक्षाविद् डॉ बलवंत शास्त्री व विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् डॉ मनोज शर्मा निदेशक प्रताप कम्प्यूटर संस्थान व जेपी शास्त्री निदेशक गुरुकुल डिफेंस एकेडमी रहे। मुख्य अतिथि डॉ शास्त्री ने दिव्यांग बच्चों को योग के विभिन्न अंगों



के विषय में बताया तथा ध्यान योग का क्रियात्मक अभ्यास कराया। डॉ शास्त्री ने बताया कि स्थूल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम तथा अंदर के मस्तिष्क व हृदय आदि वास्तविक शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्राणायाम एवं मन व बुद्धि आदि से युक्त सूक्ष्म शरीर को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान योग का अभ्यास करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ शर्मा ने कम्प्यूटर शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण व डिप्लोमा दिलाने की घोषणा की वहीं विशिष्ट अतिथि जेपी शास्त्री ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे स्वयं का मनोबल ऊँचा रखते हुए दुनिया के प्रत्येक कार्य को करने में स्वयं को सक्षम समझें।

कार्यशाला की अध्यक्षता केन्द्र प्रमुख रवि कुमार ने की तथा मंच संचालन केन्द्र व्यवस्थापक महेश कुमार ने किया। इस दौरान सचिव बाबू लाल, कोषाध्यक्ष मानसिंह, विशेष शिक्षक राकेश कुमार, संजय बागड़ी, रामौतार, रिंकू यादव, जयप्रकाश, जगदीश, संतोष देवी, सावित्री देवी, पूनम, अनिशा, रिया, रामकला, वीरपाल सहित दिव्यांग बालक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# श्री सरस निकुंज में सजी भव्य फूल बंगला झांकी, पारंपरिक पदावलियों का सामूहिक गायन किया

कंट्री विजन/ जयपुर

श्री शुक संप्रदाय, आचार्य पीठ, श्री सरस निकुंज, दरीबा पान में रविवार को आयोजित पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में फूल बंगला महोत्सव में सायंकाल 6 से 9 बजे के क्रम में श्री सरस परिकर के वैष्णवों के द्वारा सामूहिक रूप से विविध राग रागिनियों में श्रृंगार महिमा के व फूल बंगला झांकी के पदों का गायन किया गया।

श्रीश्री ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी जू सरकार की मनोहर फूल बंगला झांकी का श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर श्री अलबेली माधुरी शरण जी महाराज ने ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी जू को लाड़ भाव से सेवा सामग्रियां अर्पित करी। ब्रज शैली व राजस्थानी कला संस्कृति की शोभा को इस फूल बंगला झांकी में दर्शन कराया गया। 15 फीट ऊँचे 8 फीट चौड़े व 15 फीट लंबे बंगले में तिबारी, छज्जे, गोखे के साथ में पुष्पों की शयन कुंज का भी दर्शन कराया गया।



1. फूल को बंगला सुंदर सोहे ,
फूल कर श्रृंगार जुगलवर निरखत ही मन मोहे
2. फूल की बारहदरी बनायी
फूलन की परदा पिछ्वाई फूलन बंदनवार बँधाई
3. फूल को महल महा मनभावन
4. जुगलवर बैठे फूल तिबारी
जाही जूही गुलाब केवड़ा रचना सुंदर सखिन संवारी
5. फूल मंडली सरस सँवारी
आदि भाव स्वरूप पदों का गायन किया गया।

श्री ठाकुर जी सरकार को मधुर मिष्ठ व्यंजनों के साथ ऋतु के फलों को भी अर्पित किया गया।

खस, केवड़ा, गुलाब, चंदन की इत्र की सुगंध से पूरा परिसर महक रहा था। पधारे हुए संत आचार्यों का श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने दुपट्टा व माला पहना कर स्वागत किया।

## व्यापारी को कार में बंधक बनाकर लूट करने वाली गैंग का पर्दाफाश

कंट्री विजन/ जयपुर।

सोशल मीडिया के जरिए लोगों को झांसे में लेकर अपहरण और ऑनलाइन लूट की वारदातों को अंजाम देने वाली अंतरजिला गैंग का जयपुर पश्चिम पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

चौमूं थाना क्षेत्र के जैतपुरा स्टैंड से एक किराना व्यापारी का कार में अपहरण कर मारपीट करने तथा उसके खाते से 56 हजार 796 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लूटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट वीडीआई कार भी जब्त कर ली है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि टोडावतों की ढाणी, अनंतपुरा निवासी सुनील टोडावता ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनील जैतपुरा में जनरल स्टोर एवं किराना की दुकान संचालित करता है। एक जून की रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद करने के दौरान एक युवक उससे मिला और बाद में अनंतपुरा जाने की बात कहकर उसे स्विफ्ट कार में बैठा लिया।

कार में बैठने के कुछ देर बाद रास्ते में दो अन्य युवक भी सवार हो गए। इसके बाद तीनों आरोपियों ने सुनील को बंधक बनाकर एनएच-52 से गोविंदगढ़ की ओर ले गए और उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने मोबाइल का पासवर्ड पूछकर उसके फोन-पे खाते से 56 हजार 796 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। वारदात के बाद मोबाइल की दोनों सिम निकालकर उसे वापस दिया और हाडोता पुलिया के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लूटे गए रुपए सीधे अपने खातों में नहीं मंगाते थे।

वे पीड़ित के खाते से ऑनलाइन लूडो गेम में राशि ट्रांसफर करवाते और बाद में गेमिंग आईडी से रकम अपने खातों में विड्रॉ कर लेते थे, ताकि पुलिस को ट्रांजेक्शन ट्रेस करने में कठिनाई हो। इसके अलावा वारदात के समय कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई जाती थी और घटना के बाद उसे हटाकर असली नंबर प्लेट लगा दी जाती थी। घटना के बाद जैतपुरा व्यापार मंडल ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी प्रशांत किरण के निर्देशन, अतिरिक्त डीसीपी राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त अंजू यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी हरबेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों का पीछा कर भीलवाड़ा से बनवारी यादव (26) निवासी खुड, थाना लोसल (सीकर),दिनेश कुमार यादव (25) निवासी बानुड़ा, थाना जीणमाता (सीकर) तथा आकाश कुमावत (22) निवासी ज्योति नगर, थाना लोसल (सीकर) को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, जिला अलवर की बैठक सम्पन्न, 25 जून को सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की

अवधेश सिंह /कंट्री विजन/ अलवर।

राजस्थान मेघवाल समाज संस्था अलवर की आम सभा की बैठक डॉ बी आर शास्त्री की अध्यक्षता में रविवार को पुलिस अन्वेषण भवन मैरिज होम, मोती डूंगरी अलवर में सम्पन्न हुई। बैठक डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्पण से प्रारंभ हुई। महासचिव डॉ महेश गोठवाल ने विगत बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत की जिसकी पुष्टि के पश्चात कोषाध्यक्ष थावरमल ने वित्तिय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जिसको सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान



की। संस्था द्वारा दिनाँक 25 जून 2026 को आयोजित किये जा रहे सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। सफल आयोजन हेतु व्यवस्था समिति, क्रय समिति, पंजीयन समिति, राशि संग्रहण समिति का गठन किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने खुलकर सामुहिक विवाह सम्मेलन हेतु सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। समाज उन्नयन के विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श के लिए राज्य स्तरीय मेघवाल महासम्मेलन के आयोजन का निर्णय लिया गया और इसके लिए गांव गांव जाकर तथा ऑनलाइन सर्वे के माध्यम से अनुसूचित जाति समाज की वास्तविक समस्याओं, कुरूतियों को संग्रहित कर मेघवाल महा सम्मेलन में विचारार्थ रखने का निर्णय लिया। मेघवाल महासम्मेलन में राजस्थान मेघवाल समाज संस्था के राजस्थान के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों व जिला कार्यकारिणी को बुलाने का निर्णय लिया। बैठक में नौगांवा के ब्लॉक अध्यक्ष धीरज कुमार एवं आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकुमार लबानिया का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

## कार्यकर्ता की मेहनत से ही प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की नगर निकाय और पंचायत की सरकार, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

अवधेश सिंह /कंट्री विजन /अलवर।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत है। उनकी मेहनत से ही नगर निकाय और पंचायती राज के चुनाव में कांग्रेस की सरकार बन सकेगी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर चलेंगे तो निश्चित तौर पर भाजपा के इस अराजकता का अंत हो जाएगा। जूली रविवार को अंबेडकर नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय



पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा एजेंडा अनुशासन और संगठन की मजबूती पर होना चाहिए। जूली बोले कोई भी विभाग, प्रकोष्ठ, अग्रिम संगठन छोटा या बड़ा नहीं है हम सब कांग्रेस पार्टी के सिपाही हैं, जूली के इस वक्तव्य से कार्यकर्ताओं में जहां एक नई ऊर्जा का संचार हुआ वहीं पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रत्येक विधानसभा में कार्यकर्ताओं को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के सानिध्य में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता खुले मन से अपनी बात रखें पार्टी उस पर विचार कर रूपरेखा तैयार करेगी ताकि ईडी,सीबीआई जैसी सरकारी मशीनरी से लड़कर हम कांग्रेस का राज लेकर आएंगे। जूली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का राज आते ही सबसे पहले नाजायज मुकदमे वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच को साकार किया जाएगा, मंत्रिमंडल से पहले कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। जूली ने पानी, बिजली, भ्रष्टाचार पेपर लीक सहित पर्यावरण और प्रदूषण चौतरफा लिया सरकार को निशाने पर लेते हुए इसे जन विरोधी सरकार बताया।

## थाना अधिकारी की शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे अकबरपुर क्षेत्र के लोग

अवधेश सिंह /कंट्री विजन/ अलवर।

अलवर।बड़ी संख्या में ग्रामीण अलवर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। और अकबरपुर थाने की थानेदार मैडम की कार्यशैली को लेकर शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि आम लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। तथा कई मामलों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर लोगों में असंतोष है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाए तो उचित कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस का कार्य जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसलिए आमजन और पुलिस के बीच विश्वास कायम रहना बेहद जरूरी है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी से मिले सिस्ट मंडल की ओर से सभी बातें बताई गई जहां पुलिस अधीक्षक ने अपने स्तर से निष्पक्ष जांच करवा कर न्याय का भरोसा दिलाया।> दैनिक कंट्री

# खाकी का बदला अंदाज देख लोग रह गए हैरान!

### थानाप्रभारी रोहिताश कुमार ने साइकिल चलाकर बताया फिट रहने का राज

कंट्री विजन/नारायणपुर।

कस्बे में रविवार सुबह खाकी का बदला अंदाज देखकर लोग हैरान रह गए। अफसरों ने सड़कों पर साइकिल चलाकर फिट रहने का अनोखा राज बताया। फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों ने एक अनूठी पहल की।भारत सरकार के महत्वाकांक्षी %फिट इंडिया मूवमेंट% के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशानुसार नारायणपुर थाना पुलिस ने %संडे ऑन साइकिल 2026% अभियान का आयोजन किया। रविवार सुबह 7 बजे थानाप्रभारी रोहिताश कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सरकारी वाहनों की बजाय साइकिलें थामीं।साइकिल रैली नारायणपुर पुलिस




थाने से रवाना होकर कस्बे के मुख्य बाजार से सड़क मार्ग होते हुए जोधपुरा के खेल स्टेडियम पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली में पुलिसकर्मियों, सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्रों, प्रबुद्ध नागरिकों, आमजन और नन्हे मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।थाना प्रभारी रोहिताश कुमार ने बताया कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को फिट रखता है, बल्कि प्रदूषण कम करने और पेट्रोल-डीजल की बचत में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते प्रदूषण से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऐसे में रोजाना कुछ समय व्यायाम और साइकिलिंग के लिए निकालना जरूरी है। इससे मानसिक तनाव कम होता है और शारीरिक क्षमता बढ़ती है।कार्यक्रम के दौरान थानाप्रभारी ने वाहन चालकों से हेलमेट-सीट बेल्ट का उपयोग और यातायात नियमों की पालना की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है।मुख्य बाजार में लोगों ने इस पहल का स्वागत किया। कई युवाओं ने इसे प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर थानाधिकारी रोहिताश कुमार,पप्पी चौधरी, मुकेश पांडे, देशराज सिंह शेखावत, लोकेश आत्रेय, अशोक सिंह शेखावत सहित पुलिसकर्मियों, सीएलजी सदस्यों और आमजन मौजूद रहे।

## जोजाका में 11 जून को होगा भव्य श्री खाटू श्याम कीर्तन एवं जागरण

### श्याम प्रेमियों से परिवार सहित पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आह्वान

संजय बंसल/ कंट्री विजन/ तिजारा।




क्षेत्र के ग्राम जोजाका में श्री खाटू श्याम भक्तों द्वारा 11 जून 2026 को भव्य श्री खाटू श्याम कीर्तन एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजकों ने बताया कि बाबा श्री श्याम की असीम कृपा एवं दिव्य आशीर्वाद से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में रात्रि 8ः15 बजे से प्रातः 4ः15 बजे तक भजन संध्या एवं जागरण होगा। कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक बाबा श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। आयोजन स्थल ग्राम जोजाका, तिजारा (खैरथल-तिजारा) रखा गया है। वहीं 12 जून को प्रातः 8 बजे से विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने समस्त श्याम प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद का लाभ लेने की अपील की है। आयोजन समिति का कहना है कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। श्रद्धालुओं की उपस्थिति ही आयोजन की शोभा बढ़ाएगी तथा बाबा श्याम का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहेगा।

संपर्कः 9462098621, 9982768993

जय श्री श्याम।

## 66 से अधिक वरिष्ठजनों नें भाग लेकर यह दर्शा दिया कि हमारा जजबा आज भी युवा ही है

मनोज कुमार मिश्रा/ कंट्री विजन/ बिसाऊ।

बिसाऊ वेलफेयर द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक मुस्कान-केन्द की मासिक मिटिंग का आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम तिखे प्रहार को नकारते हुए वरिष्ठजनों ने अति उत्साह के साथ मिटिंग में भाग लेने से यह महाआयोजन बहुत ही शानदार व सफलतम सिद्ध हो रहा है। 66 से अधिक वरिष्ठजनों नें भाग लेकर यह दर्शा दिया कि हमारा जजबा आज भी युवा ही है। मञ्चासीन दीर्घा में अध्यक्ष पद पर श्री बैजनाथ सैनी, मुख्य अतिथि के श्री रामजी लाल कल्याणी, श्रीपवन जी सैनी, श्री नोरँग लाल जी सैनी व श्री हरिराम जी सिहाग ने मञ्च को सुशोभित किया।श्री सांवरमल शर्मा,श्री नन्दकिशोरु शर्मा की धर्मपत्नी व सदस्य श्री बनवारी लाल प्रजापत को सभी सदस्यों ने दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धामय श्रद्धांजली अर्पित की। मञ्च संचालन करते हुए त्रिलोक चन्द शर्मा ने या कुन्देन्दुतुषारहार धवला सरस्वती वन्दना के द्वारा माँ शारदे को रिझाने पश्चात सीता विदाई गीत सुनाया। श्री रामनिवस सिहाग, श्री रघुनाथ प्रसाद माच्छलपुरिया श्री जीवण सिंह, श्री जीवण राम खटीक, श्री नत्थुराम खटीक की प्रस्तुतियाँ तो हमेशा ही लाजबाब रहती आई है। भामाशाह श्री जगदीश प्रसाद कसेरा द्वारा जनकल्याणार्थ आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रवण लाभ प्राप्त करने के लिये सभी वरिष्ठजनों से करबद्ध होकर विशेष आग्रह किया। श्री परमेश्वर लाल प्रजापत, श्री सुभाष चन्द अजाडीवाल ने ठहाकेदार हास्यरस बिखेर दिया। B.W.T. के संयोजक श्री पंकज जेजानी व श्री मुरारी लाल जोशी ने गर्मी के विशेष तेवर को देखते हुए कैरी का शानदार शीतल पेय पिलाया।

## भाजपा शहर मंडल उदयपुरवाटी की मासिक बैठक संपन्न हुई

सुमेर सिंह राव /कंट्री विजन/उदयपुरवाटी

कस्बे में पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित शिशु वाटिका सभागार में उदयपुरवाटी मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य बैठक में मुख्य वक्ता चोरे लाल सैनी उन्होंने मंडल



पदाधिकारी के साथ संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की । बैठक में मंडल अध्यक्ष ने 7 जून से 21 जून के मध्य आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा अलग-अलग पदाधिकारीयो को जिम्मेदारी दी गई एवं मंडल को सशक्तिकरण के उद्देश्य से बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के पुनर्गठन पर भी विचार विमर्श किया गया द्य इस अवसर पर पूर्व बैठक के कार्यों की समीक्षा की गई इस मौके पर मंडल महामंत्री अशोक सैनी ,वीरेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र ढेनवाल , आनंद सैनी ,दिनेश सैनी ,अशोक कड़वासरा ,राम सिंह सैनी, सुरेश सैनी ,विनोद कुमावत ,राम लखन शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## कोई कुछ भी मिलावटी और कीड़े युक्त, दूषित सामग्री बेचे कोई धणी धोरी नहीं

### रिसोर्ट के नाश्ते में निकले कीड

कंट्री विजन/राजगढ।



टहला क्षेत्र स्थित बीहड़ रिसोर्ट में नाश्ते में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद रिसोर्ट में ठहरे पर्यटकों ने नाराजगी जताई, वहीं होटल प्रबंधन में भी हड़कंप मच गया। रिसोर्ट में रविवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब पर्यटकों को परोसे गए नाश्ते में कीड़े दिखाई दिए। पर्यटक नीरज यादव ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ घूमने के लिए टहला आए थे और रिसोर्ट में ठहरे हुए थे। सुबह नाश्ता मंगाने पर खाने में कीड़े तैरते हुए मिले। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत रिसोर्ट प्रबंधन से की। नाश्ते में कीड़े मिलने की सूचना मिलते ही होटल कर्मचारियों और प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गई। पर्यटकों ने भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। मामले के सामने आने के बाद रिसोर्ट प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है। रिसोर्ट प्रबंधन के वीरेंद्र ने बताया कि नाश्ते में कीड़े मिलने की घटना गंभीर है। प्रारंभिक जांच में यह खाना तैयार करने वाले शेफ की लापरवाही प्रतीत हो रही है। मामले की पूरी जांच कर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पर्यटन क्षेत्र में इस तरह की घटना ने होटलों और रिसोर्ट्स की खाद्य गुणवत्ता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि प्रबंधन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।गौरतलब रहे की इस प्रकार के रिसोर्ट,होटलों के अलावा कदम कदम पर इस प्रकार की खाद्य सामग्री परोसी जा रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासन मौन है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संडे आन साईकिल अभियान में पुलिस के साथ दोड़े बालाजी राइडर्स

**सुरेश तिवाडी /कंट्री विजन/ मेहंदीपुर बालाजी।**

फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत रविवार को मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस द्वारा 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का आयोजन किया गया। दौसा जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में मेहंदीपुर बालाजी थाना प्रभारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया अभियान के तहत बालाजी थाना



परिसर से साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया रैली में शामिल प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर आमजन को नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया रैली के दौरान लोगों को दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया गया जिससे ईंधन की बचत के साथ-साथ प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सके थाना प्रभारी सचिन शर्मा ने बताया कि 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना फिट इंडिया मिशन को जन-जन तक पहुंचाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के बीच साइकिल का उपयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी है अभियान में शामिल जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं ।

## जिला कांग्रेस SC विभाग का जिलास्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा गांधी भवन सीकर मे आयोजित किया गया

**प्रेम प्रकाश सैनी/कंट्री विजन/ सीकर।**

अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला ने की एवं मूख्य अतिथि धोद विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश दानोदिया रहे। मंचासीन अतिथि मदनलाल चिरानीया जिलाध्यक्ष स्ट विभाग,मांगीलाल बराला प्रभारी लोसल ,धर्मेंद्र गठाला जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस, रविकांत तिवाड़ी जिलाध्यक्ष सेवादल, सुरेन्द्र महिचा प्रदेश सचिव SC विभाग,महावीर मेव PCC मेंबर,राजेन्द्र सामोता ब्लॉक



अध्यक्ष धोद,जमील बेहलीम ब्लॉक अध्यक्ष लोसल ,राजेश सेनी ब्लॉक अध्यक्ष सीकर शहर ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव एड पुरुषोत्तम शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे सबसे पहले बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर,दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की ओर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिलाध्यक्ष स्ट प्रकोष्ठ मदनलाल चिरानीया ने आए हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ का स्वागत किया।

कार्यक्रम मे वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने ओर आगामी पंचायत राज व नगर निकाय के चुनाव मे कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जीताने का संकल्प दिलाया ओर जो वोटर भ्रमित होकर इधर उधर चला गया है उसे वापस पार्टी मे जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। बढ़ती महंगाई रसोई गैस, पेट्रोल - डीजल की बड़ी हुई कीमतों का सड़क से लेकर सदन तक विरोध करने का प्रस्ताव पास किया।

आज युवा बेरोजगार होकर दर-दर की ठोकरें खा रहा हैं नीट पेपर लीक होने से युवा हताश होकर आत्महत्या जैसे कदम उठा रहा है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। बेठक में लोकसभा नेता पर्तीपक्ष राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## भवानीपुरा गांव के सीआईएसएफ जवान संतोष वर्मा का निधनः छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण के दौरान बिगड़ी तबीयत

### राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

**हनुमान सिंह बुरानियॉ/कंट्री विजन/रींगस।**

उपखंड क्षेत्र के भवानीपुरा गांव के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के जवान संतोष कुमार वर्मा (26) का छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण के दौरान तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। रविवार को उनकी पार्थिव देह पैतृक गांव भवानीपुरा पहुंची, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देने उमड़े।स्थानीय लोगों ने बताया



कि भवानीपुरा निवासी संतोष कुमार वर्मा जनवरी 2026 में सीआईएसएफ में भर्ती हुए थे और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्रशिक्षण के दौरान दौड़ते समय उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें रायपुर के राजकीय दुर्ग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। संतोष पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थे, और उनके पिता शंकरलाल मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। जवान की पार्थिव देह रींगस पुलिस थाने पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें शहीद का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर करीब एक घंटे तक थाने के सामने धरना दिया। विधायक द्वारा गांव में शहीद स्मारक बनवाने का आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त हुआ। इसके बाद विधायक सुभाष मील के नेतृत्व में रींगस पुलिस थाने से भवानीपुरा तक सैकड़ों युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकाली।

## भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जैविक प्राकृतिक एवं औद्योगिक कृषि प्रशिक्षण शिविर का दूसरे दिन हुआ समापन

**प्रेम प्रकाश सैनी/कंट्री विजन/ सीकर।**

भारतीय किसान संघ जयपुर प्रांत संगठन योजना अनुसार सीकर जिले में किसानों का दो दिवसीय जैविक प्राकृतिक एवं औद्योगिक कृषि प्रशिक्षण शिविर सांवली रोड स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में दूसरे दिन संपन्न हुआ। शिविर में दूसरे दिन प्रथम सत्र में जिला जैविक प्रमुख एवं जैविक प्रशिक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने जैविक खाद निर्माण एवं कीट नियंत्रक निर्माण की विधियों से अवगत करवाया ग्राम विकास आयाम जिला संयोजक चिमनलाल हर्ष ने रसायनों के अधिक प्रयोग से कुपोषण से ग्रस्त खेती योग्य जमीन को सुपोषित करने पर विचार रखे एवं सुपोषण की विधियां उपस्थित किसानों को बताई। द्वितीय सत्र में सरकारी योजनाएं एवं वर्तमान किसान परिस्थिति पर विमर्श करते हुए दुर्गा प्रसाद निमड़, अतिरिक्त निदेशक उद्यान विभाग सीकर



द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एवं शेर सिंह खोरी मंडावरा द्वारा किसान भाइयों को 1 बीघा खेत में 10 बीघा की उपज लेने की विधि ,एवं बीजोपचार के बारे में बताया गया। तृतीय सत्र में पशुपालन,उद्यमिता, पशुपालन पर सरकारी योजनाएं,गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना आदि के बारे में डॉक्टर जितेंद्र वरिष्ठ पशु चिकित्सक, एग्रो रिसर्च आयाम सदस्य ने किसानों को अवगत करवाया। चतुर्थ सत्र में भारतीय किसान संघ की आवश्यकता,ग्राम समिति का गठन,ग्राम समिति की आवश्यकता,वर्तमान के ज्वलंत मुद्दे।आदि विषयों पर डॉक्टर सांवरमल सोलेट प्रांत महामंत्री भारतीय किसान संघ जयपुर प्रांत द्वारा उद्बोधन दिया गया। समापन सत्र में विद्वान कृषि वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षकों का प्रांत महामंत्री श्री सांवर मल सोलेट एवं संभाग अध्यक्ष किशोर सिंह द्वारा किसान संघ का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दो दिवसीय शिविर में किसानों को आधुनिक एवं स्मार्ट खेती तकनीक,जैविक एवं प्राकृतिक खेती,बीज एवं पौध प्रबंधन एवं सिंचाई तकनीक, कीट एवं रोग नियंत्रक के जैविक उपाय,जहर मुक्त खेती, पशुपालन उद्यमिता,सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का अवासीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार,प्रांत महामंत्री श्री सांवरमल सोलेट,प्रांत गौ सेवा प्रमुख डॉक्टर बृजमोहन , जिला अध्यक्ष पूरनसिंह भीमा,जिला कोषाध्यक्ष निर्मल टांक,जिला मंत्री महेंद्र खीचड़,सह मंत्री प्यारेलाल खीचड़,नगर मंत्री जयप्रकाश सैनी, दाँता रामगढ़ तहसील अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार महला,ग्राम विकास आयाम जिला संयोजक चिमनलाल हर्ष,जिला जैविक प्रमुख ओमप्रकाश कोलिडा, किसान शेर सिंह खोरी,लक्ष्मणगढ़ तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राजावास,सहित अनेकों किसान उपस्थित रहे।

## झड़ाया में यज्ञाचार्य डॉक्टर कृष्ण कुमार शर्मा ने यज्ञ शाला का किया अवलोकन

### ऐतिहासिक होग झडाया में आयोजित होने वाला 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ

**सुमेर सिंह राव / कंट्री विजन/उदयपुरवाटी ।**

उपखंड क्षेत्र के झडाया बजरंग धाम आश्रम पर 17 जून से आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य डॉक्टर कृष्ण कुमार शर्मा व उप यज्ञाचार्य संजय शास्त्री व यज्ञ समिति के कार्यकर्ताओं ने यज्ञ स्थल व कथा पंडाल का अवलोकन किया द्य रविवार को झडाया बजरंग धाम आश्रम पर मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में यज्ञ को लेकर यज्ञ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया



गया द्य यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने बताया कि इस बार झडाया बजरंग धाम आश्रम पर आयोजित होने वाला 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ बडा ही ऐतिहासिक महायज्ञ होगा द्य यज्ञाचार्य डॉक्टर कृष्ण कुमार शर्मा एवं संजय शास्त्री ने यजमानों की जानकारी का भी ब्यौरा लिया और यज्ञ सामग्री के बारे में बातचीत की द्य कोषाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल भी अपनी टीम सहित बालाजी धाम पहुंचे व लेखा-जोखा की जानकारी ली द्य यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने भी यज्ञ प्रकृति रिपोर्ट प्रस्तुत की द्य भावरिया के अनुसार इस बार आयोजित होने वाला यज्ञ बड़ा ही ऐतिहासिक महायज्ञ होगा जिसकी गूंज पूरे विश्व में सुनाई देगी द्य इस दौरान अजमेरी वाला शजी धाम के महंत का भी यज्ञ सेवा समिति की तरफ से जोरदार सम्मान किया गया द्य इस दौरान उप यज्ञाचार्य संजय शास्त्री, हजारी प्रसाद कसाना, मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़, सुंडाराम, महेंद्र तेतरवाल, हनुमान यादव, सेवानिवृत्ति पीटीआई भगवान सहाय यादव सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए 11 हजार वृक्ष लगाने का संकल्प, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

**सुमेर सिंह राव/कंट्री विजन।**

निकटवर्ती गोविंदपुरा के पास स्थित हरजनपुरा मेंभारत विकास परिषद एवं गायत्री परिवार नीमकाथाना के संयुक्त तत्वावधान में बालाजी धाम, हरजनपुरा में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण की शपथ दिलाई गई तथा जन-जागरूकता के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. जी. एस. तंवर ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिकाधिक वृक्षारोपण कर उनकी



नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद एवं गायत्री परिवार नीमकाथाना द्वारा 11 हजार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया। पर्यावरणविद् जुगल किशोर शर्मा ने अपने संबोधन में 16 जून से झड़ाया धाम में आयोजित होने वाले यज्ञ को वृक्षारोपण के संकल्प के साथ महायज्ञ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर समाज में व्यापक जागरूकता उत्पन्न की जा सकती है तथा प्रत्येक श्रद्धालु को एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। हिमालय ट्रस्ट के डॉ. हीरा जी. शंकर, एवं डॉ. रामावतार गजराज ने घोषणा की कि झड़ाया धाम में आयोजित होने वाले यज्ञ के दौरान शेखावाटी क्षेत्र के उन पर्यावरणविदों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में विशेष पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारी दिनेश गोयल, नितेश अग्रवाल, चौथमल गर्ग, जय सिंह भगोठ, बनवारी लाल एवं विजेंद्र कुमार सहित इंद्र कुमार मीणा, पं. रविंद्र शर्मा, राजकुमार बड़वा तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने, वृक्षारोपण को सामाजिक अभियान का स्वरूप देने तथा हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया।

## सर्वसम्मति से गठित हुई जल एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की नई कार्यकारिणी, जगदीश सैनी 'पप्पू' बने अध्यक्ष

**संजय बंसल/ कंट्री विजन/ तिजारा।**

जल एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की आम सभा की बैठक रविवार सुबह सूरजमुखी आश्रम तिबारा में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बालकिशन आर्य ने की। बैठक में समिति के संरक्षक पद पर इंदर सिंह दहिया, रामनिवास यादव, बालकिशन आर्य एवं रतनलाल को चुना गया। वहीं नई कार्यकारिणी में जगदीश सैनी 'पप्पू' को अध्यक्ष, रमेश शायर को



वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. ठाकुर सिंह पालीवाल को सचिव, बाबूलाल मिस्त्री को कोषाध्यक्ष, खेमचंद शर्मा को सह सचिव, कृष्ण मिस्त्री एवं शेर सिंह को व्यवस्थापक, प्रमोद सैनी को संगठन प्रभारी तथा वीरेंद्र 'डब्बू' को स्टोर कीपर नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी के गठन के बाद समिति सदस्यों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समिति के हितों को सर्वोपरि रखते हुए समर्पित भाव से कार्य करने तथा संस्था की गरिमा एवं पहचान को बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक का समापन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के संदेश के साथ हुआ।

## वैश्य सेना के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष टीटू गर्ग का भव्य सम्मान

**संजय बंसल/ कंट्री विजन/ खैरथल तिजारा।**

वैश्य सेना संगठन के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग उर्फ टीटू गर्ग का कस्बे में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रमेशचंद्र गर्ग के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में वैश्य समाज के गणमान्य नागरिकों ने साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। समारोह में समाजजनों ने टीटू गर्ग को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।




वक्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं तथा उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीटू गर्ग समाज के हितों की रक्षा और संगठन के विस्तार के लिए प्रभावी कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने साफा पहनाकर एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर रमेशचंद्र गर्ग, शशि भूषण गर्ग, घनश्याम मित्तल, जीतू गर्ग, भुवनेश गर्ग, संजय गुप्ता, पोपट गर्ग, पवन गुप्ता, रमेश जांगिड़, पंकज यादव, धर्मपाल गर्ग, अमरचंद, राकेश गर्ग, राजेश गर्ग एवं विपिन गर्ग सहित वैश्य समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में उपस्थित समाजजनों ने संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कोटड़ी धायलान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**हनुमान सिंह बुरानियॉ/कंट्री विजन/ रींगस।**

ग्राम पंचायत कोटड़ी धायलान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रविवार को पीरावाली में रामदेव बाजिया की पुत्रवधू डॉ वंशिका निठारवाल का आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन में सहायक आचार्य के पद पर राजस्थान में 21वीं रैंक आने पर प्रशासक मीरा देवी के द्वारा साफा पहनाकर, शाल ओढ़ाकर, श्याम दुपट्टा पहनाकर, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर उनके परिजनों का भी



सम्मान किया गया, कार्यक्रम में झाबर मल धायल प्रधानाध्यापक, सुरेश धायल अध्यापक, कैलाश धायल एडवोकेट,रक्षपाल सिंह डीलर, प्रभात नेता महेंद्र जांगिड़, भाजपा नेता मुकेश मीणा, सरदार पंच, गोपाल बाजिया अध्यापक, धूडा राम बाजियां, शंकर रूलानिया, पन्नालाल धायल, महेंद्र बाजिया, सुभाष बाजिया, जगदीश रूलानिया फौजी साहब, लक्ष्मी नारायण निठारवाल, बीरबल बाजिया, रोशन बाजिया, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे, ग्राम पंचायत द्वारा पिछले 6 साल से लगातार सम्मान समारोह आयोजित कर प्रतिभाओ को सम्मानित किया जा रहा है।

## प्री-मानसून तैयारियों को लेकर नगर परिषद का विशेष अभियान, बड़े नालों-नालियों की सफाई कार्यवाही तेज

**प्रेम प्रकाश सैनी/ कंट्री विजन/ सीकर।**




मानसून आगमन से पूर्व शहर को जलभराव मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार नगर परिषद सीकर द्वारा व्यापक प्री-मानसून सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। नगर परिषद वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में शहर के प्रमुख नालों, नालियों एवं जल निकासी तंत्र की विशेष सफाई युद्धस्तर पर करवाई जा रही है, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में रविवार को सुभाष चौक स्थित गणेश मंदिर के पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत क्रेन की सहायता से नालों पर लगे भारी जालों को उठाकर चैंबरों की गहन सफाई की गई। जमा गाद, प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट को निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से मौके से हटाया गया। सफाई कार्य के दौरान जल निकासी मार्गों को पूरी तरह सुचारु एवं अवरोधमुक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि, नगर परिषद सीकर मानसून से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है। शहर के प्रमुख नालों, नालियों और चैंबरों की नियमित मॉनिटरिंग एवं सफाई करवाई जा रही है, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति न बने।

## रींगस की सर्जिकल फैक्ट्री में भीषण आग, 40 लाख का नुकसान, दीवार तोड़कर बुझाई लपटें

**हनुमान सिंह बुरानियॉ/कंट्री विजन/रींगस।**



क्षेत्र के एसकेएस औद्योगिक इलाके परसरामपुरा सरगोठ स्थित कोर्टेक्स सर्जिकल कॉर्पोरेशन में रविवार को भीषण आग लग गई।आग ने देखते ही देखते फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।मेडिकल कॉटन बनाने वाली इस इकाई में रखे 250 बैग, कच्चा माल और कई मशीनें जलकर खाक हो गई।प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कंपनी को 40 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।आग इतनी तेज थी कि दमकलकर्मियों को जेसीबी से फैक्ट्री की दीवार तोड़नी पड़ी।पहले आसपास से पानी के टैंकर मंगाकर आग पर काबू पाने की कोशिश हुई, फिर रींगस, चौमू, एसकेएस क्षेत्र और नगर पालिका की चार दमकलें मौके पर पहुंचीं।करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।कंपनी सुपरवाइजर मनोज कुमावत ने बताया कि जल चुके सामान और मशीनों से भारी क्षति हुई है।आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## बाइक पर ससुराल जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत, हादसे में घायल दूसरा युवक गंभीर हालत में सीकर रैफर

**सुशील दाधीच / कंट्री विजन/उदयपुरवाटी।**

कस्बे में सीएचसी में एकत्रित मृतक के परिजन और ग्रामीण क्षेत्र के छापोली से बाइक पर मणकसास की तरफ जा रहे बाइक सवार मिनी बस की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। उदयपुरवाटी सीएचसी लाने पर एक युवक को मृत घोषित कर दिया व दूसरे को गंभीर हालत में सीकर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार छापोली निवासी श्यामलाल सैनी (30) पुत्र भोपाल राम अपने साथी राहुल पुत्र नरेश के



साथ बाइक पर अपने ससुराल मणकसास जा रहा था। रास्ते में मावता के नजदीक सामने से आ रही मिनी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवकों को निजी वाहनों से उदयपुरवाटी सीएचसी लाया गया। डॉक्टरों ने श्यामलाल सैनी को मृत घोषित कर दिया और राहुल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सीकर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर मृतक का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है ।

# मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा राजकीय मॉडल नर्सिंग इंस्टीट्यूट केकड़ी

## वर्षों से तैयार हॉस्टल, फिर भी नहीं मिला विद्यार्थियों को लाभ

## छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश

बालमुकुंद वैष्णव /कंट्री विजन/केकड़ी।

राजस्थान सरकार द्वारा नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित राजकीय मॉडल नर्सिंग इंस्टीट्यूट, केकड़ी आज स्वयं मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। कॉलेज में अध्ययनरत एएनएम, जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने संस्थान में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर गहरा रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि केकड़ी का यह नर्सिंग संस्थान राजस्थान का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहां एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई एक ही परिसर में संचालित होती है। सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर यहां विभिन्न भवनों का निर्माण तो करवा दिया, लेकिन अधिकांश भवन आज भी उपयोग के अभाव में धूल फांक रहे हैं। सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों को रोजाना अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि कॉलेज परिसर में छात्रावास (हॉस्टल) का निर्माण हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक हॉस्टल का संचालन शुरू नहीं किया गया। इसके चलते दूर-दराज जिलों से आने वाले विद्यार्थियों को निजी आवासों में रहना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार की परेशानियां बढ़ रही हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि हॉस्टल प्रारंभ कर दिया जाए तो प्रदेशभर से आने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को राहत मिल सकती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह सुविधा केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

### आईएनसी मान्यता का मुद्दा बना चिंता का कारण

कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सबसे बड़ी मांग आईएनसी की स्वीकृति से जुड़ी हुई है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि लंबे समय से वे इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संघर्ष कर रहे हैं तथा जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।आईएनसी स्वीकृति नहीं मिलने से विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस कारण छात्र-छात्राओं में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। कॉलेज आने-जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से बस संचालित की जा रही है, लेकिन विद्यार्थियों का आरोप है कि बस की हालत बेहद खराब है। बस के कई हिस्सों से लोहे की चादरें और सरिए बाहर निकले हुए हैं, जिससे छात्र-छात्राएं कई बार चोटिल हो चुके हैं।विद्यार्थियों ने कहा कि भविष्य के स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। जर्जर बस में सफर करना उनके लिए रोजाना जोखिम भरा साबित हो रहा है।



### स्वीकृत पद 35 से अधिक, कार्यरत केवल 6 से 8 ट्यूटर

शिक्षण व्यवस्था भी संसाधनों के अभाव से प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार कॉलेज में 35 से अधिक ट्यूटर पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 6 से 8 ट्यूटर ही कार्यरत हैं। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप

राजस्थान के विभिन्न जिलों से छात्र-छात्राएं अपने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद लेकर केकड़ी नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश लेते हैं। अभिभावक भी यह सोचकर अपने बच्चों को यहां भेजते हैं कि उन्हें बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन वास्तविक स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है।विद्यार्थियों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए इस संस्थान को यदि आवश्यक सुविधाएं, पर्याप्त स्टाफ, आईएनसी स्वीकृति, छात्रावास और बेहतर सड़क जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं कराई गई तो इसका सीधा असर नर्सिंग शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ेगा।

### सड़क बदहाल, बरसात में बन जाता है टापू

महाविद्यालय तक पहुंचने वाली सड़क भी लंबे समय से खराब स्थिति में है। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाने से कॉलेज का संपर्क प्रभावित हो जाता है और पूरा परिसर किसी टापू जैसा नजर आने लगता है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। खराब सड़क के कारण रोजाना कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

### सड़क बदहाल, बरसात में बन जाता है टापू

महाविद्यालय तक पहुंचने वाली सड़क भी लंबे समय से खराब स्थिति में है। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाने से कॉलेज का संपर्क प्रभावित हो जाता है और पूरा परिसर किसी टापू जैसा नजर आने लगता है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। खराब सड़क के कारण रोजाना कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

# धार्मिक स्थलों को हटाने की कार्रवाई पर सोशल मीडिया पर अफवाह और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई:पुलिस कमिश्नर

कंट्री विजन/ जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा सड़क सीमा (राइट ऑफ वे) में आने वाले धार्मिक स्थलों को हटाने की कार्रवाई के दौरान सोशल मीडिया अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों पर धार्मिक उन्माद फैलाने या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कुछ असामाजिक तत्व अथवा शरारती प्रवृत्ति के लोग सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने तथा धार्मिक भावनाएं भड़काने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर वीडियो, पोस्ट या भ्रामक सामग्री प्रसारित करने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर भड़काऊ वीडियो बनाने, तथ्यहीन या भ्रामक सामग्री प्रसारित करने तथा धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास किए जाने पर उसके विरुद्ध विधिसम्मत एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जयपुर पुलिस की साइबर शाखा एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी इकाइयों को सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधि सामने आने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट या भ्रामक जानकारी को साझा करने से बचें तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

# नाबालिग छात्रा की मौत पर परिजनों का हंगामा: हत्या का आरोप लगाकर शव लेने से किया इनकार

कंट्रीविजन/ जयपुर।

प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक अपार्टमेंट के पोर्च की छत पर 16 वर्षीय स्कूली छात्रा का शव मिलने के मामले ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। मृतका के परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए और शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस राजनीतिक दबाव में मामले को आत्महत्या साबित करने का प्रयास कर रही है।

धरने पर बैठे परिजनों ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने इंस्टाग्राम के माध्यम से नाबालिग छात्रा से दोस्ती की थी। परिजनों के अनुसार युवक स्वयं को एक विधायक का दोहिता बताता था। उनका आरोप है कि करीब पांच से सात दिन पहले उन्होंने युवक को बेटी से बातचीत करने से मना किया था, जिसके बाद उसने छात्रा को धमकी दी थी। परिजनों ने पुलिस जांच पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि शुरुआत में पुलिस ने छात्रा के अपार्टमेंट में आने से इनकार किया था। ऐसे में यदि छात्रा अपार्टमेंट में नहीं आई थी तो उसका शव पोर्च की छत पर कैसे मिला। परिजनों ने अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इससे पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सकेगी। गौरतलब है कि शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे छात्रा का शव उसके घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित एक अपार्टमेंट के प्रथम तल के पोर्च की छत पर मिला था। छात्रा करीब 12 घंटे पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। घटनास्थल की मुख्य छत से छात्रा की चप्पल और चश्मा भी बरामद हुए थे, जिससे मामला शुरू से ही संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए हत्या तथा आत्महत्या दोनों पहलुओं से जांच जारी है। शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार परिजनों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को जांच में शामिल किया गया है।

# कर सुधारों की चुनौती


लंबे समय से दुनिया की वित्तीय और शोध संगठनों की रिपोर्टों में भारत के बारे में यह कहा जाता रहा है कि भारत के आर्थिक विकास की सबसे बड़ी चुनौती कर संबंधी जटिलताएं हैं। साथ ही यह भी कहा जाता है कि देश जब करों के सरलीकरण के रास्ते पर बढ़ेगा, तभी तेज आर्थिक विकास हो सकेगा। ऐसे में जुलाई 2017 में अप्रत्यक्ष करों के लिए जीएसटी लागू किए जाने के बाद अब सरकार प्रत्यक्ष कर सुधार (डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म यानी डीटीआर) की दिशा में बढ़ती दिखाई दे रही है। यह बात उल्लेखनीय है कि एक फरवरी, 2020 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते वक्त प्रत्यक्ष कर सुधारों को लेकर तीन बड़ी घोषणाएं की थीं। अब वक्त है इन्हें अमली जामा पहनाने का। ये घोषणाएं थीं- एक, प्रत्यक्ष कर विवादों के समाधान के लिए विवाद से विश्वास योजना। दो, अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के लिए उपभोग खर्च बढ़ाने वाली आयकर की नई व्यवस्था और तीसरी, करदाताओं के अधिकारों के लिए करदाता चार्टर को लागू करना। देश में आजादी के बाद पहली बार प्रत्यक्ष कर विवादों के समाधान के लिए हाल में चार मार्च को लोकसभा में मंजूर की गई 'विवाद से विश्वास योजना' पर करदाताओं के साथ-साथ देश के आर्थिक जगत की भी निगाहें लगी हैं। देश में पहली बार इस साल पांच फरवरी को वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर विवादों के समाधान की 'विवाद से विश्वास योजना' लागू करने के लिए लोकसभा में प्रत्यक्ष कर विधेयक पेश किया था। फिर इसे 12 फरवरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत 31 मार्च तक विवादित बकाया कर का भुगतान करने पर कर दाता को कर पर लगाने वाले ब्याज एवं जुर्माने से छूट दी जाएगी। यह अवधि जरूरत के मद्देनजर बढ़ाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि करीब प्रत्यक्ष कर विवादों के चार लाख तिरासी हजार मामलों में 30 नवंबर, 2019 तक नौ लाख छियानवे हजार आठ सौ उनतीस करोड़ रुपए का कर फंसा हुआ है। इसमें पांच लाख दो हजार एक सौ सत्तावन करोड़ रुपए कॉरपोरेट टैक्स से संबंधित हैं और बाकी चार लाख चौरानवे हजार छह सौ इकहत्तर करोड़ रुपए आयकर संबंधी मामलों के हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए सरकार कितनी दृढ़ संकल्प है, इसका अनुमान हाल में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के द्वारा प्रत्यक्ष कर से संबंधित अधिकारियों को भेजे गए उस परिपत्र से लगता है, जिसमें कहा गया है कि भविष्य में प्रत्यक्ष कर से संबंधित आधिकारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि और पदोन्नति विवाद से विश्वास योजना के तहत उनके द्वारा निपटाए गए मामलों पर निर्भर करेगी। नई प्रत्यक्ष कर समाधान योजना के तहत करदाता अपनी पिछली अतिरिक्त आय का खुलासा कर सकेंगे। इस योजना के तहत आयुक्त अपील, आयकर अपील न्यायाधिकरण, उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रत्यक्ष कर विवादों के साथ-साथ मध्यस्थता और ऋण वसूली पंचाटों में लंबित मुकदमों, कर संशोधन और जब्ती के छोटे मामले भी इसमें शामिल किए गए हैं। इनके निपटान में ब्याज, जुर्माने और अभियोजन की छूट की पेशकश की गई है। यह योजना 30 जून, 2020 तक जारी रहेगी। यदि कर बकाया केवल विवादित ब्याज और जुर्माने से जुड़ा है तो योजना में घोषित निर्धारित अंतिम तिथि तक विवाद का निपटारा करने पर विवादित जुर्माने / ब्याज की पच्चीस फीसद राशि का भुगतान करना होगा। उसके बाद यह राशि तीस फीसद हो जाएगी। माना जा रहा है कि प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना आर्थिक सुस्ती से निपटने का कारगर हथियार साबित हो सकती है। अगर इस योजना पर ईमानदारी के साथ काम हुआ तो सरकारी खजाने को करीब नौ लाख करोड़ रुपए की एक बड़ी धनराशि उपलब्ध हो सकती है, साथ ही मुकदमों पर सरकार का होने वाला खर्च भी घटेगा। आयकर भुगतान को सरल बनाने के लिए वित्त मंत्री ने बजट के तहत आयकरदाताओं को पहली बार दो विकल्प दिए हैं। या तो आयकरदाता पिछले वर्ष के बजट में दी गई निवेश पर आयकर छूटों का लाभ ले सकता है या फिर नए बजट की आयकर छूटों का। चूंकि नया बजट एक अप्रैल, 2020 से लागू होगा, इसलिए देश के इतिहास में पहली बार करदाता चार्टर भी लागू हो जाएगा। बजट में आयकर अधिनियम में एक नई धारा 119 (ए) जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। यह धारा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को एक करदाता चार्टर अपनाने एवं घोषित करने के लिए अधिकृत करती है। आयकर अधिनियम में नई धारा जोड़े जाने के बाद सीबीडीटी के पास आयकर अधिकारियों को दिशानिर्देश और आदेश जारी करने की शक्ति मिल जाएगी।



यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि दुनिया भर में करीब चालीस देशों में ऐसे करदाता चार्टर बने हुए हैं। भारत को एक कठोर कर नियमन वाले देश के के रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में इस चार्टर से करदाताओं का भरोसा बहाल करने में मदद मिलेगी। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि नए करदाता चार्टर को तैयार करते समय कानून-निर्माताओं को करदाताओं के प्रति जवाबदेही भी दिखानी होगी। करदाता चार्टर में कर विवरण सूचना की निजता, कारोबार संबंधी आंकड़ों की गोपनीयता और औपचारिक समाधान प्रक्रिया से इतर एक शिकायत निपटान प्रणाली को भी शामिल किया जाना होगा। एक करदाता चार्टर भले ही करदाता को अधिकार दे देगा, लेकिन उसके प्रभावी होने के लिए लोगों की मानसिकता में बदलाव और कर अधिकारियों के भीतर जवाबदेही की भावना लाने की भी जरूरत है। अब जब कुछ प्रत्यक्ष कर सुधारों पर काम शुरू हो गया है, तब करदाता नई प्रत्यक्ष कर संहिता और नए आयकर कानून पर नजरें लगाए बैठे हैं। रंजन समिति की रिपोर्ट में प्रत्यक्ष कर कानूनों में व्यापक बदलाव और वर्तमान आयकर कानून को हटा कर नए सरल व प्रभावी आयकर कानून लागू करने की बात कही गई है। नए आयकर कानून में छोटे करदाताओं की सहूलियत के लिए कई प्रावधान सुझाए गए हैं। अकलन की प्रक्रिया सरल किए जाने और आयकर कानून के किसी प्रावधान को लेकर करदाता सीधे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से व्यवस्था ले सकेंगे। भले सरकार कर सुधारों की दिशा में बढ़ रही है, लेकिन करदाताओं को इनका लाभ तभी मिल पाएगा, जबकि करदाता ईमानदारी से अपने करों का भुगतान करेंगे। सबसे बड़ी समस्या यह है कि देश में अभी सिर्फ डेढ़ करोड़ लोग ही आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि देश के केवल तीन लाख लोगों ने ही अपनी आय पचास लाख रुपए सालाना से अधिक घोषित की है। केवल दो हजार दो सौ पेशेवरों ने ही अपनी आय एक करोड़ से अधिक बताई है।

# आखिर कब तक

पाकिस्तान में अल्संख्यकों पर होने वाले अत्याचार की खबरें नई नहीं हैं। शायद इसलिए अब किसी को बहुत ज्यादा प्रभावित भी नहीं करतीं। हफ्ते में लगभग दो-तीन बार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। लगातार पाकिस्तानी अल्पसंख्यकों के गिरते आंकडे वहां की दुर्दशा बताने के लिए काफी हैं। बंटवारे के समय वहां तेईस फीसद अल्पसंख्यक थे, जिसमें पंद्रह प्रतिशत हिंदू थे। लेकिन आज यह आंकड़ा मात्र एक फीसद पर आकर रह गया है। एक सर्वे के अनुसार अगले नौ वर्ष में वहां एक भी अल्पसंख्यक नहीं बचेगा। आश्चर्य और पीडा तो इस बात की है कि यह गलत काम पूरी दुनिया के सामने हो रहा है, लेकिन आज तक इस मामले में कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। पाकिस्तान में अब हिंदू नाबालिग बच्चियों को भी शिकार बनाया जा रहा है। यदि लगभग दो वर्षों की खबरों का आकलन करें तो एक ही तर्ज पर घटना को अंजाम दिया जा रहा है। दरअसल मामला यह है कि पहले तो लड़कियों को अगवा किया जाता है। जब लड़की के परिजन थाने में रिपोर्ट कराने जाते हैं तो प्रशासन उन्हें मदद करने के बजाय गुमराह करता है और कोई कार्रवाई नहीं होती। बाद में पता चलता है कि उसका किसी से जबरन निकाह करवा दिया गया। अपरहणकर्ता सीधे कोर्ट में लड़की के साथ पेश होकर यह कहता है कि लड़की ने अपनी मर्जी से निकाह किया है। सवाल है कि क्या इन अत्याचारों को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र या भारत के पास कोई हल है ? क्या भारत सरकार इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में उठाने लायक नहीं समझती या हम इसमें अपने स्तर पर कुछ भी करने असफल हैं।



# तमाचा

मैं इस वक्त लास्ट कोच में सफर कर रहा हूं। यह कहानी है मेरी मित्र डॉ. उज्ज्वला की सहेली सुनंदा की, जो इस समय बेहद खामोशी से राष्ट्र निर्माण में योगदान कर रही हैं। वे सुबह से रात तक जिले का प्रशासन संभालती हैं। शाम को फुर्सत निकाल कर गरीब बच्चों को पढ़ाती हैं। रोज कविताएं लिखती हैं। ज्ज. अभी-अभी उज्ज्वला का फोन आया है। वह कह रही है कि आप हमेशा मेट्रो में कहानियां तलाशते रहते हैं। कई दिनों से आप लिख भी नहीं रहे। लीजिए आज मैं आप को कहानी सुना रही हूं समय कैसा भी हो, वह गुजर जाता है। ललन बाबू ने दोनों बेटियों को मां से बढ़ कर प्यार दिया। दोनों को इस कदर काबिल बना दिया कि वे अपनी शादी को छोड़ कर बाकी सभी फैसले खुद कर सकती हैं। भारतीय समाज में बेटी का ब्याह किसी भी पिता के लिए नैतिक और अनिवार्य दायित्व है। जो इसे निभा चुके, वे जानते हैं। बेटी के हाथ पीले करने के बाद अकसर लोग आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। अब ललन बाबू की बारी आई है। वे इस मौके को अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहते। लेकिन इस जिम्मेदारी को निभाते हुए वे बिखर जाएंगे या बेटियां उन्हें संभाल लेंगीं। पिताजी की जमींदारी चली गई थी। फिर भी जमीन-जायदाद की कोई कमी न थी। अब भी सैकड़ों बीघा जमीन के मालिक थे ललन बाबू। ज्यादातर को बटाई पर देकर वे निश्चिंत रहते। सुकून से कला-साहित्य की किताबों में डूबे रहते। लिखने-पढ़ने का रूझान बचपन से उन्हें था।

## संपादकीय

# UP पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे की तैयारी



आठ से 10 जून तक होने वाली यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने अपना वार रूम सक्रिय कर दिया है। यहां से हर स्टेशन की निगरानी की जाएगी। प्रयागराज मंडल द्वारा चार ट्रेनों को रीशेड्यूल किया जाएगा, जबकि भीड़ बढ़ने पर नौ ट्रेनों को विस्तार मिलेगा। वहीं यूपी रोडवेज ने भी कमर कस ली है। कानपुर-फतेहपुर मेमू को सूबेदारगंज तक चलाने की तैयारी इसी के तहत कानपुर-फतेहपुर मेमू को सूबेदारगंज तक चलाने की भी तैयारी है।

पीडीडीयू की ओर से आने वाली ट्रेन को फतेहपुर अथवा कानपुर तक भेजा जाएगा। इसके अलावा प्रयागराज से छात्रों की सुविधा के लिए पांच विशेष रेक विभिन्न स्टेशन पर तैयार रहेंगे। अगर मांग आती है तो तत्काल उन्हें विशेष ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि इटावा, अलीगढ़, मानिकपुर, कानपुर, मीरजापुर से भी विशेष ट्रेन आवश्यकता पड़ने पर चलेंगी, जिनका रेक चिह्नित कर लिया गया है। ट्रेनों के कुछ अस्थायी स्टापेज भी परीक्षा की भीड़ को देखते हुए दिए जाएंगे।

**रोडवेज की 630 बसें चलेंगी:-**

इसी प्रकार यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यूपी रोडवेज ने भी तैयारी कर ली है। आज से ही रोडवेज की अतिरिक्त बसें चलने लगेंगी। रोडवेज 10 जून तक 630 बसें विभिन्न रूट पर चलाएगा। इसके अलावा अभ्यर्थियों की भीड़ के मद्देनजर विभिन्न रूटों पर बसों के अतिरिक्त फेरे भी लगाने की तैयारी है।

**विशेष निर्देश:-**

- बस अड्डे से सभी रूटों पर बसें अतिरिक्त फेरा लगाएंगी
- कतारबद्ध अभ्यर्थियों को ट्रेन में बैठाया जाएगा
- स्टेशन पर वाणिज्य व आरपीएफ की टीमें संयुक्त प्रबंधन करेंगी
- प्रयागराज, मीरजापुर, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ व इटावा स्टेशनों पर रिजर्व रेक होंगे।
- मेमू ट्रेनों को आगे के स्टेशनों तक विस्तारित किया जाएगा।
- ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव भी दिया जाएगा।

**इन नंबरों पर मिलेगी मदद:-**

08726005896 (विद्या वाहिनी बस अड्डा पूछताछ नंबर)
9415049606 (रोडवेज कंट्रोल रूम नंबर)
18001802827 (रोडवेज हेल्पलाइन नंबर)
139 (रेलवे हेल्पलाइन नंबर)।

# ब्रेन ट्यूमर: समय पर पहचान ही बचाव है फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के डॉ. हेमंत भारतीय, सीनियर डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी विभाग

कंट्री विजन/ जयपुर

मानव मस्तिष्क हमारे शरीर के सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जिसके कारण ब्रेन ट्यूमर चिकित्सा विज्ञान की सबसे जटिल और गंभीर स्थितियों में से एक माना जाता है। भारत में, मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के ट्यूमर सभी कैंसर मामलों का लगभग 2% हैं। ब्रेन ट्यूमर के मामलों में लगभग 36% की 5-वर्षीय जीवित रहने की दर होती है, इसलिए समय पर पहचान (Early Detection) परिणामों को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के *डॉ. हेमंत भारतीय, सीनियर डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी विभाग* ने सौम्य और घातक ब्रेन ट्यूमर के बीच अंतर, उनकी पहचान, उपचार के विकल्प और समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### समय पर पहचान का महत्व

ब्रेन ट्यूमर की समय पर पहचान से जीवित रहने की संभावना और जीवन की गुणवत्ता दोनों में सुधार होता है। जितनी जल्दी ट्यूमर का पता चलता है, सफल उपचार की संभावना उतनी अधिक होती है। इससे जटिलताओं को कम किया जा सकता है और छोटे ट्यूमर का इलाज अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

### जांच के प्रमुख तरीके

1. शारीरिक और न्यूरोलॉजिकल जांच- संतुलन, समन्वय, मानसिक स्थिति, सुनने, देखने और रिफ्लेक्स की जांच
2. ब्रेन एमआरआई (MRI)- ब्रेन ट्यूमर का पता लगाने के लिए सबसे प्रभावी जांच, जिससे ट्यूमर के प्रकार का भी पता लग जाता है
3. सीटी स्कैन (CT Scan)- यदि एमआरआई संभव न हो तो यह एक दूसरा विकल्प है

### रोकथाम और प्रारंभिक कदम

1. लगातार होने वाले सिरदर्द एवं उल्टी को नजरअंदाज न करें, विशेषकर जो नींद से जगा दें
2. नए दौरे या अचानक न्यूरोलॉजिकल बदलाव (कमजोरी, दृष्टि में बदलाव, बोलने में कठिनाई) को नजरअंदाज न करें
3. यदि परिवार में (माता-पिता या भाई-बहन) ब्रेन ट्यूमर का इतिहास है, तो जेनेटिक काउंसलिंग कराएं
4. नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहें।

### सौम्य बनाम घातक - मुख्य अंतर

शरीर के अन्य अंगों की तुलना में, मस्तिष्क में सौम्य और घातक ट्यूमर के बीच अंतर करना आसान नहीं होता। दोनों ही प्रकार जानलेवा हो सकते हैं। धीमी या तेज़ वृद्धि मस्तिष्क की महत्वपूर्ण संरचनाओं पर दबाव डाल सकती है और सामान्य कार्यों में बाधा उत्पन्न कर सकती है।

**सौम्य ब्रेन ट्यूमर (गैर-कैंसर)**

* धीरे-धीरे बढ़ते हैं
* शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने की संभावना बहुत कम होती है
* आसपास के मस्तिष्क ऊतकों पर दबाव डालने के कारण खतरनाक है
* सर्जरी के बाद दोबारा होने की सम्भावना बहुत कम होती है

**घातक ब्रेन ट्यूमर (कैंसरकारी)**

* तेजी से और आक्रामक रूप से बढ़ते हैं
* आसपास के स्वस्थ मस्तिष्क ऊतकों में फैल सकते हैं
* मस्तिष्क के कई हिस्सों में हो सकते हैं
* समय पर उपचार न मिलने पर जानलेवा हो सकते हैं।

### ब्रेन ट्यूमर के लक्षण

ब्रेन ट्यूमर स्वस्थ ऊतकों को प्रभावित करके, आसपास दबाव बढ़ाकर या मस्तिष्क में तरल के सामान्य प्रवाह में बाधा डालकर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। सामान्य लक्षणों में शामिल हैं-

* तेज सिरदर्द
* दौरे (मिर्गी के झटके)
* आंख की रौशनी में कमी आना
* कम सुनाई देना
* खाने पिने या निगलमे में परेशानी आना
* सोचने, बोलने या समझने में कठिनाई
* शरीर के एक हिस्से में कमजोरी या लकवा

## राज्यसभा में मजबूत हो सकता है एनडीए, बदले राजनीतिक समीकरणों पर नजर

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की स्थिति आने वाले महीनों में और मजबूत हो सकती है। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और विभिन्न दलों में बदलते समीकरणों के बाद भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए उच्च सदन में दो-तिहाई बहुमत जुटाने की संभावनाओं पर चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पश्चिम बंगाल में टीएमसी की टूट, आम आदमी पार्टी के कुछ सांसदों के भाजपा खेमे में जाने और विभिन्न राज्यों में बदलते राजनीतिक समीकरणों ने एनडीए की स्थिति को मजबूत किया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की राजनीति में लगातार संभावित बदलावों पर भी नजर रखी जा रही है। संविधान संशोधन जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है। ऐसे में राज्यसभा में संख्या बल बढ़ाना केंद्र सरकार के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि विपक्षी दल इन दावों को राजनीतिक अटकलें बताते हुए कहते हैं कि आगामी चुनाव और क्षेत्रीय दलों की रणनीतियां ही भविष्य की तस्वीर स्पष्ट करेंगी। फिलहाल राज्यसभा के बदलते समीकरण राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण विषय बने हुए हैं।

## ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य से 21 ट्रेनें प्रभावित, कई मार्ग बदले गए

बरेली (एजेंसी)। मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड के पिलखुआ-कुचेसर रोड सेक्शन में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कमीशनिंग कार्य के चलते रेलवे ने 21 ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। इसके तहत कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं, जबकि कुछ को पुनर्निर्धारित और नियंत्रित कर चलाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार लालकुआं-आनंद विहार एक्सप्रेस, छपरा-दिल्ली एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-उधना एक्सप्रेस, लखनऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस और सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से चलाया जाएगा। कुछ ट्रेनों का बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा और हापुड़ जैसे स्टेशनों पर ठहराव भी अस्थायी रूप से समाप्त रहेगा। इसके अलावा सहरसा-आनंद विहार, मुजफ्फरपुर-पोरबंदर और लालकुआं-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनों को निर्धारित समय से देरी से रवाना किया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की अपील की है।

## पुर्तगाल में फायरिंग के बाद विदेशी धरती पर गैंगवार की चर्चा तेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। पुर्तगाल में हुई एक कथित फायरिंग घटना के बाद विदेशों में सक्रिय भारतीय मूल के आपराधिक गिरोहों के बीच गैंगवार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्टों में राहुल आर.के. मीणा और सुनील मीणा गैंग का नाम सामने आया है, हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वायरल पोस्टों में दावा किया गया है कि पुर्तगाल के विला नोवा डी मिलफोंटेस क्षेत्र में एक कथित प्रतिद्वंद्वी गिरोह के ठिकाने पर कई राउंड फायरिंग की गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और ऑडियो संदेशों में कुछ लोगों ने घटना की जिम्मेदारी लेने का भी दावा किया है। पोस्ट में इसे प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के लिए चेतावनी बताया गया है और भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। हालांकि स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशों में सक्रिय भारतीय मूल के अपराधी नेटवर्क और उनके बीच बढ़ते टकराव चिंता का विषय हैं। फिलहाल वायरल सामग्री की सत्यता और घटना की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

## दिल्ली के अयप्पा मंदिर में सबरीसम भवन का उद्घाटन करेंगे शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को नई दिल्ली के आरके पुरम स्थित प्रसिद्ध अयप्पा मंदिर परिसर में नवनिर्मित सबरीसम भवन का उद्घाटन करेंगे। यह उद्घाटन समारोह शाम 5:30 बजे आयोजित किया जाएगा, जहां गृह मंत्री शाह औपचारिक रूप से इस नवनिर्मित भवन को श्रद्धालुओं और मंदिर समुदाय को समर्पित करेंगे। इस नई सुविधा का मुख्य उद्देश्य मंदिर के बुनियादी ढांचे का विस्तार करना तथा उसकी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाना है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, सबरीसम भवन वर्षभर आयोजित होने वाले विभिन्न आध्यात्मिक समारोहों, सामुदायिक कार्यक्रमों, धर्मार्थ पहलों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इस उद्घाटन कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यालय ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के अयप्पा मंदिर परिसर में नवनिर्मित सबरीसम भवन का उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के आरके पुरम में स्थित अयप्पा मंदिर को पूरे उत्तर भारत में भगवान अयप्पा के सबसे प्रमुख और पूजनीय मंदिरों में से एक माना जाता है। वर्ष 1980 में स्थापित किया गया यह भव्य मंदिर अपनी पारंपरिक केरल शैली की उत्कृष्ट वास्तुकला के लिए देश भर में प्रसिद्ध है। यह मंदिर दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ आसपास के पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गहरी आस्था का केंद्र है। समय के साथ यह राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे मलयाली समुदाय और भगवान अयप्पा के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मंच के रूप में विकसित हुआ है। इस मंदिर में नियमित रूप से पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान, भजन, विशेष पूजा, सांस्कृतिक उत्सव तथा जनसेवा से जुड़े अनेक कार्य आयोजित किए जाते हैं। इसकी भूमिका केवल पूजा-अर्चना तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यहां सामाजिक कल्याण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले कई बड़े सेवा कार्य भी संचालित किए जाते हैं।

## कैप्टन अमरिंदर सिंह शाह-नड्डा से मिले, कांग्रेस वापसी की अटकलें खारिज

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के वरिष्ठ नेता जे.पी. नड्डा से मुलाकात की। इस उच्च-स्तरीय बैठक ने न केवल उनके कांग्रेस में लौटने की तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में भाजपा की रणनीति और संगठन विस्तार के लिए इसे बेहद अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कैप्टन ने पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, भाजपा के जनाधार को मजबूत करने और पार्टी के सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर अपने अनुभव साझा किए।

# जंतर-मंतर के प्रदर्शन को बताया ट्रेलर और दे दिया सरकार को अल्टीमेटम

**–कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा– मांग नहीं मानी गई तो 7 दिन बाद फिर लौटेंगे**

**–शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद रविवार को पार्टी ने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम का वीडियो साझा करते हुए केंद्र सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

कॉकरोच जनता पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए वीडियो के साथ लिखा कि शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई गई। पार्टी ने दावा किया कि यह केवल शुरुआत है और यदि जवाबदेही तय नहीं की गई तो आंदोलन का दायरा और बड़ा होगा। प्रदर्शन के दौरान सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले एक महीने से शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही समस्याओं के बावजूद सरकार छात्रों और युवाओं की चिंताओं को गंभीरता से नहीं ले रही है।

### आंदोलन को दिया जाएगा देशव्यापी स्वरूप

कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने बयान में कहा है कि यदि सात दिनों के भीतर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद से नहीं हटाया गया तो अगले शनिवार को फिर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। साथ ही आंदोलन को देशव्यापी स्वरूप देने की भी चेतावनी दी गई है। अभिजीत दीपके ने कहा कि मौजूदा प्रदर्शन आंदोलन का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। उन्होंने दावा किया कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो छात्रों और युवाओं की आवाज को देश के हर राज्य और शहर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर युवाओं में बढ़ती नाराजगी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### अनेक संगठन और समूह आए समर्थन में

प्रदर्शन को विभिन्न छात्र संगठनों और राजनीतिक समूहों का भी समर्थन मिला। आंदोलन स्थल पर कई छात्र नेता मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा सुधार के पक्षधर सोनम वांगचुक ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर आंदोलन के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि जब न्याय और जवाबदेही की मांगों को अनसुना किया जाता है, तब लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना आवश्यक हो जाता है। सीजेपी का यह प्रदर्शन ऐसे समय हुआ है जब देश में परीक्षा प्रणाली, पेपर लीक और शिक्षा सुधार जैसे मुद्दों को लेकर युवाओं और अभिभावकों में सरकार के प्रति नाराजगी जारी है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर सोना तस्करी का बड़ा खुलासा, भाजपा से जुड़े पदाधिकारी समेत 5 गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोना तस्करी के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा से जुड़े एक पदाधिकारी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने आरोपियों के कब्जे से 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना और अन्य सामान बरामद किया है। डीआरआई द्वारा की गई इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों में अजित आचरेकर का नाम प्रमुख रूप से सामने आया है। जानकारी के अनुसार, आचरेकर भाजपा की एक श्रमिक (कामगार) संगठन में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनके अलावा रोहित कुमार सिंह, संतोष सुभाष, समीमुल्ला शाह, हमीद लेबेरीफखान और फलिल मोहम्मद कासिम को भी हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, डीआरआई की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट परिसर में संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर इन लोगों को रोका और पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान अधिकारियों को सोना तस्करी से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत मिले, जिसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में बरामद सोने की कीमत 5 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। अधिकारियों का मानना है कि यह मामला केवल एक तस्करी की घटना नहीं, बल्कि किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। जानकारी के अनुसार, अजित आचरेकर ने कुछ महीने पहले ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। उनका पार्टी में प्रवेश महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ था। इसके बाद उन्हें पार्टी की श्रमिक इकाई में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। डीआरआई अब इस बात की जांच कर रही है कि इस तस्करी के पीछे कोई अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह सक्रिय था या नहीं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि विदेशों में मौजूद किन व्यक्तियों या संगठनों के नेटवर्क का इस्तेमाल इस अवैध कारोबार के लिए किया गया। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस तस्करी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और बरामद सोने के स्रोत तथा उसके अंतिम गंतव्य का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अब हरिद्वार में बिरयानी नाम पर ऐतराज, संतों ने वेज पुलाव कहने को कहा



**–अखाड़ा के सदस्य बोले–इससे सनातनी समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरिद्वार,(ईएमएस)। हरिद्वार के अखंड परशुराम अखाड़ा ने भोजनालयों से अपने साइनबोर्ड और मेनू से बिरयानी शब्द हटाने का आग्रह किया है। उनका प्रस्ताव है कि पवित्र शहर की धार्मिक पवित्रता बनाए रखने के लिए वेज बिरयानी का नाम बदलकर वेज पुलाव कर दिया जाए। संतों ने हरिद्वार भर में कई खाद्य विक्रेताओं का दौरा किया और दावा किया कि चूंकि बिरयानी पारंपरिक रूप से मांसाहारी भोजन से जुड़ी है, इसलिए इस पवित्र धार्मिक स्थल पर इसका इस्तेमाल अनुचित है और इससे स्थानीय लोगों और आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अखंड परशुराम अखाड़ा के सदस्यों ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव से विक्रेताओं के व्यवसाय पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे सनातनी समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा। अखाड़ा के एक सदस्य ने कहा कि हरिद्वार एक पवित्र नगर है। हमने दुकानदारों से आग्रह किया है कि मांस से बने व्यंजनों के पर्याय माने जाने वाले इस पकवान को यहां 'बिरयानी' के नाम से न बेचा जाए। हमने उनसे इसे 'वेज पुलाव' के नाम से बेचने को कहा है। सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे अपने मेनू और साइनबोर्ड पर बिरयानी शब्द के स्थान पर वेज पुलाव लिखें। यदि कोई इसके बाद भी बिरयानी शब्द का प्रयोग करता रहेगा, तो हम उसके खिलाफ औपचारिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। हमारा उद्देश्य शहर की पवित्रता और धार्मिक वातावरण को बनाए रखना है। हम सभी विक्रेताओं से अनुरोध करते हैं कि वे इस अनुरोध में सहयोग करें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न हो।

# इंडिया ब्लॉक की बैठक से डीएमके-आप ने बनाई दूरी, जेएमएम भी नाराज

**–सीपीआई–एम ने कहा– बीजेपी से 'डील' के आरोप गठबंधन की मूल भावना के खिलाफ**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया ब्लॉक की सोमवार को होने वाली बैठक से पहले मतभेद सामने आ गए हैं। डीएमके द्वारा कांग्रेस की मौजूदगी के कारण इस बैठक से दूर रहने की घोषणा के बाद अब सीपीआई-एम ने भी कांग्रेस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। सीपीआई-एम ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केरल में उसके नेताओं द्वारा लगाए गए बीजेपी के साथ 'डील' के आरोप गठबंधन की मूल भावना के खिलाफ हैं। सूत्रों का कहना है कि झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने से बाद से हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा भी नाखुश है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीपीआई-एम महासचिव एम ए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही इस पत्र की कई कॉपियां गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों को भी भेजी हैं। बेबी ने पत्र में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बयानों पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि केरल विधानसभा चुनाव अभियान में कांग्रेस ने बार-बार ये प्रचार किया कि सीपीआई-एम और बीजेपी के बीच राजनीतिक समझौता है और तत्कालीन सीएम पिनराई विजयन और पीएम मोदी के बीच खास डील हुई है। सीपीआई-एम ने इसे विपक्षी गठबंधन की भावना के खिलाफ बताया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक माकपा नेता ने इन आरोपों को पूरी तरह से मनगढ़ंत करार दिया है जिसे वो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकते! उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को याद दिलाया कि केरल की धरती पर आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ सीधे राजनीतिक लड़ाई लड़ते हुए माकपा ने अपने सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं को खोया है। बेबी ने अपने पत्र में कहा कि इंडिया ब्लॉक बीजेपी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के लिए बना था और ऐसे वक्त में सहयोगी दलों पर ही संदेह जताना गठबंधन की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन आरोपों पर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो 8 जून यानी सोमवार की गठबंधन बैठक से पहले ही एकता पर सवाल खड़े हो जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस के रवैये पर कड़े सवाल उठाने के बावजूद सीपीआई-एम ने विपक्षी एकजुटता और समन्वय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। बेबी ने साफ किया कि उनकी पार्टी संसद के अंदर मोदी सरकार की तानाशाही, सांप्रदायिक और जनविरोधी नीतियों का मजबूती से विरोध करने के लिए अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर काम करती रहेगी। वहीं, दिल्ली में होने वाली इस रणनीतिक बैठक में ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और राहुल गांधी जैसे शीर्ष नेताओं के शामिल होने की संभावना है। हालांकि, कांग्रेस के साथ मतभेदों के चलते डीएमके के इस बैठक में शामिल होने की उम्मीद कम हैं। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने भी इस बैठक से दूरी बना ली है, जिससे विपक्षी गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उधर, झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनावों में दो राज्यसभा सीटों में से एक पर कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीदवार प्रणव झा की घोषणा करने पर जेएमएम भी कांग्रेस से नाराज है। सूत्रों का कहना है कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ जेएमएम राज्य की दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारना चाहती थी, क्योंकि जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन के पास दोनों सीटें जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने गठबंधन में किसी भी तरह की फूट या बिखराव के दावों को खारिज किया है। राउत ने कहा कि भले ही डीएमके ने इस बैठक से दूरी बना ली हो, लेकिन विपक्ष को तमिलनाडु में टीवीके के रूप में एक मजबूत वैकल्पिक मित्र मिल गया है।

# कर्नाटक में रामलिंगा रेड्डी ने लिया इस्तीफा वापस, विपक्ष की रणनीति को झटका

**–सुरजेवाला बोले– रेड्डी का व्यापक प्रशासनिक अनुभव पार्टी संरचना के लिए अमूल्य**



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कर्नाटक राज्य प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने घोषणा की है कि वरिष्ठ नेता रामलिंगा रेड्डी ने आधिकारिक तौर पर अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। सुरजेवाला ने इस बात पर जोर दिया कि रेड्डी का व्यापक प्रशासनिक अनुभव पार्टी संरचना के लिए अमूल्य बना है और पुष्टि की कि अनुभवी राजनेता संगठन के एक निष्ठावान सिपाही के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते रहेंगे और अपना मंत्री पद बरकरार रखेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस समाधान ने विपक्ष की रणनीतियों को झकझोर दिया है, क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि आंतरिक परिवर्तन के सुचारू प्रबंधन को लेकर बीजेपी अभी भी स्तब्ध है। केंद्रीय नेतृत्व और रेड्डी के बीच संगठनात्मक शिकायतों के समाधान के लिए गहन चर्चा के बाद इस्तीफे को वापस लेने का फैसला लिया। मतभेद को एक संक्षिप्त गलतफहमी बताते हुए, सुरजेवाला ने राज्य इकाई में रामलिंगा रेड्डी के गहरे संस्थागत महत्व को दोहराया। गतिरोध को शीघ्रता से हल करके, पार्टी ने अपने मंत्रिमंडल की स्थिरता को बनाए रखने और एक अहम विधायी मोड़ पर एकजुट होकर सामने आने में सफलता प्राप्त की है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि समाधान ने गुटबाजी की संभावित कमजोरियों को समाप्त कर दिया है, जिससे उच्च कमान को अपना पूरा ध्यान अपने मुख्य विधायी और शासन संबंधी एजेंडों पर केंद्रित करने का अवसर मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक नेतृत्व संकट को सुलझाने के साथ-साथ, कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीतिक तैयारियों को सफलतापूर्वक सुव्यवस्थित कर लिया है। वरिष्ठ नेता बी के हरिप्रसाद ने अपने सहयोगियों के साथ राज्यसभा और राज्य विधान परिषद दोनों की अहम सीटों के लिए औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया है। यह समन्वित नामांकन दाखिल करना पार्टी के राज्य तंत्र द्वारा अपनी विधायी शक्ति को मजबूत करने के लिए किए जा रहे उच्चस्तरीय समन्वित प्रयास को दर्शाता है। यह प्रक्रिया कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में किए गए हाई-प्रोफाइल नामांकन दाखिल करने के बाद हुई है, जो राज्य इकाई के दीर्घकालिक विकास के लिए केंद्र के मजबूत समर्थन का संकेत है।

# युवा भविष्य को सुरक्षित करने में विश्वास रखते हैं, वे कठपुतली नहीं बनेंगे

**बीजेपी अध्यक्ष नवीन ने बिना नाम लिए सीजेपी के संस्थापक पर साधा निशाना**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आरोप लगाया है कि कुछ ताकतें देश के युवाओं को नकारात्मक राजनीति की ओर धकेलने का कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत के युवा राष्ट्र निर्माण और अपने भविष्य को सुरक्षित करने में विश्वास रखते हैं। वे किसी के हाथ की कठपुतली नहीं बनेंगे। झारखंड के रांची में बुद्धिजीवियों के साथ संवाद करते हुए नितिन नबीन ने कहा कि कुछ लोग विदेश में बैठकर यह सोचते हैं कि वे भारत के युवाओं को दिशा दे सकते हैं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका यह बयान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके के संदर्भ में माना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा नवाचार, सृजन और राष्ट्र निर्माण की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। देश में करीब दो लाख स्टार्टअप युवाओं की मेहनत और प्रतिभा का परिणाम हैं। भारत वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नबीन ने कहा कि विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अंदर होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग युवाओं को व्यवस्था विरोधी राजनीति की ओर धकेलना चाहते हैं, उन्हें समझ लेना चाहिए कि भारत का युवा सकारात्मक राजनीति का ही चयन करेगा। बीजेपी अध्यक्ष ने पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12 सालों में देश में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है और 54 करोड़ जनधन खाते खोले गए हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छता अभियान जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया। नबीन दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लिया और पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की। उनका यह दौरा झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के चुनाव से पहले अहम माना जा रहा है।

# नाम बदलने की राजनीति: सांस्कृतिक पुनर्जागरण या राजनीतिक रणनीति?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और विभिन्न राज्यों में भाजपा की सरकारों ने स्थलों, इमारतों के नाम परिवर्तन का जो दौर चलाया उसे लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। देश में शहरों, गली-मोहल्ले, सड़कों, रेलवे स्टेशनों और अब विश्वविद्यालयों के नाम बदलने का सिलसिला लगातार तेज होता जा रहा है। हाल ही में भोपाल स्थित बरकतुल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलकर मां वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय किए जाने के प्रस्ताव पास होने के बाद यह बहस फिर तेज हो गई है कि नाम परिवर्तन के पीछे वास्तविक उद्देश्य क्या है।

अनावश्यक तौर पर किए जा रहे नाम परिवर्तन की आलोचना करने वालों का तर्क है कि यह प्रक्रिया राजनीतिक लाभ और भाजपा के वैचारिक एजेंडे का हिस्सा है। उनका कहना है कि नाम बदलने से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार नाम परिवर्तन किए जाने से सरकार पर आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है। सरकारी दस्तावेजों, साइनबोर्ड, वेबसाइटों और रिकॉर्ड को अपडेट करने में भारी खर्च आता है। इसके साथ ही सदियों की पहचान बने स्मारक अपनी असली पहचान भी खोते चले जाते हैं। उनकी पहचान कायम करने के लिए अलग से प्रयास किए जाते हैं, जिसमें काफी समय लग जाता है, जबकि दुनियाभर में ऐसे कार्यों की आलोचना ही होती है, कोई इसकी प्रशंसा नहीं करता दिखता। हालांकि समर्थकों का मानना है कि यह एक बार का निवेश है, जबकि सांस्कृतिक पहचान का लाभ लंबे समय तक बना रहता है।

विवाद को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता भी मुखर हुए हैं उन्होंने कहा है, कि यह कदम देश को औपनिवेशिक और विदेशी शासकों की विरासत से मुक्त कर भारतीय सांस्कृतिक पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए उठाए जा रहे हैं। पार्टी के अनुसार, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले पुराने नामों को वापस लाकर राष्ट्रीय गौरव को मजबूत किया जा रहा है। इस पर विरोधी खेमा कहता देखा जाता है कि बरकतुल्ला भोपाली जैसे स्वतंत्रता सेनानी के नाम की जगह कोई और नाम रखा जाना औपनिवेशिक और विदेशी शासकों की विरासत से मुक्त करने जैसी सोच से जोड़कर कैसे देखा जा सकता है? अब इस तरह के नाम परिवर्तन को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध दर्ज कराया जाने लगा है। विरोध करने वालों का कहना है कि नाम परिवर्तन करने की जगह मूलभूत समस्याओं पर ध्यान दिया जाए तो बेहतर होगा।



## रेल कर्मचारी की तत्परता से घायल महिला यात्री को समय पर मिला उपचार

योगेंद्र महावर/कंट्री विजन/कोटा।

कोटा रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री के चलती ट्रेन से जल्दबाजी में गिरकर घायल हो जाने की घटना में रेल कर्मचारी की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई के चलते उसे समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि अनुराधा अपने दो बच्चों के साथ कोटा से जयपुर जाने के लिए स्टेशन पहुंची थीं। जल्दबाजी में वे जयपुर जाने वाली ट्रेन के स्थान पर गाड़ी संख्या 61616 कोटा-नागदा मेमू में सवार हो गईं। ट्रेन के चलने के बाद दिशा संबंधी भूल का पता चलने पर उन्होंने घबराहट में चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे प्लेटफॉर्म पर गिरकर घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन अधीक्षक(वाणिज्य) विकास गुप्ता तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना विलंब 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, वाणिज्य नियंत्रण कक्ष को घटना से अवगत कराया तथा स्ट्रेचर की व्यवस्था कर घायल महिला को शीघ्र उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय भिजवाया। उनकी तत्परता के कारण महिला को समय रहते चिकित्सा सहायता मिल सकी।



## विश्व पर्यावरण दिवस एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर पालिका मांगरोल द्वारा LED वैन के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आशीष सोनी/कंट्री विजन/मांगरोल ।

मांगरोल कस्बे में विश्व पर्यावरण दिवस एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिका मांगरोल द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी वैन के माध्यम से विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, स्वच्छता अपनाने तथा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी (क्षय रोग) के लक्षण, बचाव के उपाय एवं समय पर



जांच एवं उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । एलईडी वैन के माध्यम से जागरूकता वीडियो एवं संदेशों का प्रदर्शन कर आमजन को बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी रहना, बलगम में खून आना, वजन कम होना, भूख न लगना, बुखार एवं रात में अधिक पसीना आना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं । साथ ही नागरिकों को टीबी की समय पर जांच करवाने, उपचार को नियमित रूप से पूरा करने, पौष्टिक आहार लेने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया । इस अवसर पर नगर पालिका मांगरोल के अधिशाषी अधिकारी भावेश रजक ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है । उन्होंने नागरिकों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग कम करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाने की अपील की । अभियान के दौरान नगर पालिका कार्मिकों एवं आईईसी टीम द्वारा नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं टीबी उन्मूलन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं । कार्यक्रम में नगर पालिका मांगरोल अधिशाषी अधिकारी भावेश रजक, कनिष्ठ अभियंता अक्षय गालव, स्वच्छ भारत मिशन अभियंता सुमित गालव, आईईसी पार्टनर श्री ऐ.के. बालाजी की टीम के सदस्य प्रमोद मीणा, मोनिका मीणा, सुचिता गोचर सहित नगर पालिका मांगरोल का समस्त स्टाफ एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## फिट इंडिया के तहत पुलिस जवानो ने साईकिल रैली निखाली



आशीष सोनी/कंट्री विजन/मांगरोल।

मांगरोल 7 जून कस्बे में रविवार को मांगरोल पुलिस थाना अधिकारी के साथ बारां एस पी साहब निदेश पर फिट इंडिया के तहत संडे साईकिल रैली नगर में पांच क्रिलौ मीटर निखाली है, यह साईकिल रैली पुलिस थानै से होकर रंगबाडी बालाजी, बस स्टेण्ड, आजाद चौक, नदी पार ईटावा रोड, भगवानपुरा, से तहसील के सामने होकर वापस पुलिस थाने पंहुची।

## भूमि साक्षरता अभियान भंडवाड़ा में संपन्न



अवधेश सिंह /कंट्री विजन/ अलवर।

महिलाओं को भूमि संबंधी जानकारी देने के लिए इब्तिदा संस्था द्वारा भूमि साक्षरता अभियान इब्तिदा संस्था द्वारा उमरेण ब्लॉक के भंडवाडा पंचायत के गांव बीजोपुर मीटिंग की गई। जिसमें 30 महिलाओं की समिति की बैठक में जमीनी जागरूकता व दस्तावेजों जमाबंदी, खसरा नंबर, किसान सम्मन निधि, किसान क्रेडिट कार्ड में गिरदावरी के बारे में जानकारी दी गई। उमरेण ब्लॉक इब्तिदा संस्था से आशा ने जानकारी दी। इस मीटिंग में पूनम संजू सुमन सोनम शामिल थी।

# संत कबीर शिक्षा समिति की बैठक संपन्न, 28 जून को चूरू के टाउन हॉल में मनाई जाएगी भव्य कबीर जयंती

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, सरकारी कार्मिकों और खिलाड़ियों का होगा भव्य सम्मान

विजय चौहान/कंट्री विजन/ चूरू।

स्थानीय ज्योति नगर में रविवार को धानक समाज एवं संत कबीर शिक्षा समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 28 जून को चूरू के गोयनका टाउन हॉल में भव्य स्तर पर %जिला स्तरीय कबीर जयंती समारोह% का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए समाज के प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संत कबीर शिक्षा समिति के संरक्षक सीताराम लुगरिया ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाजबंधुओं से कबीर जयंती महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संत



कबीर के विचार और शिक्षाएं आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। इस कार्यक्रम को दिव्य और भव्य रूप देने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। लुगरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक इस कार्यक्रम का निमंत्रण पहुंचाएं और सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करें। समिति के सचिव गुरु धानका ने बैठक में अपने विचार रखते हुए कहा की यह आयोजन केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि हमारे समाज का एक ऐसा अनूठा महामेला है जो प्रतिवर्ष आयोजित होता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमें इसके माध्यम से सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करना है। हमें अपने हक और अधिकारों को पहचानना होगा। इस मंच के माध्यम से समाज की उन होनहार प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन किया है।

समारोह के सफल और सुचारू संचालन के लिए बैठक में सर्वसम्मति से एक मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार किया गया, जो कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा और संपूर्ण प्रबंधन की कमान संभालेगी। बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा गया और सभी ने हाथ उठाकर कबीर जयंती समारोह को पूरी निष्ठा और भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेन्द्र बावलिया, जिलाध्यक्ष कुमार सोनू सरोहा, सत्यवीर सिंह नीनाणीया, सीताराम खरोड़, सुमेर सिंह होटला, मदन खरोड़, पवन बागड़ी, हवासिंह इंदौरा, अनीश लुगरिया, पवन होटला, पूर्ण होटला, सुभाष होटला, भूपसिंह राजपुरा, सुमेरमल धानका, प्रताप खरोड़, राजेन्द्र कुमार, राजेन्द्र, प्रभुराम बागड़ी, हरिसिंह होटला, रणजीत लुगरिया, संदीप लुगरिया, हरीश नीनानिया, गोविन्द लुगरिया, आजाद नीमा सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर देहात संगठन की ली रिपोर्ट, जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया से की चर्चा

के के सिंह/कंट्री विजन/बीकानेर।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। करीब 20 मिनट तक चली इस बैठक में मुख्यमंत्री ने बीकानेर देहात जिले की संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विस्तृत फीडबैक लिया। मुलाकात के दौरान श्याम पंचारिया ने संगठन के चल रहे अभियानों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी।



साथ ही क्षेत्र की जनभावनाओं और स्थानीय मुद्दों से भी उन्हें अवगत कराया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, सरकार की योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के प्रयासों की समीक्षा की इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों को लेकर भी चर्चा हुई। साथ मुख्यमंत्री ने आगामी पंचायत और निकाय चुनावों को लेकर भी चर्चा की जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार जनकल्याण, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बीकानेर देहात जिले की संगठनात्मक स्थिति और विभिन्न जनहित के मुद्दों से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए संगठन को और मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। इस दौरान बीकानेर भाजपा के देहात जिला महामंत्री कैलाश बिश्नोई, प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल मौजूद रहे यह जानकारी जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने दी।

# राणासर में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

विजय चौहान/कंट्री विजन/ चूरू।

ग्राम पंचायत राणासर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह शिक्षा, खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायी आयोजन साबित हुआ। समारोह में गांव एवं क्षेत्र की कुल 65 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को उच्च शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना रहा। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में कक्षा 10वीं के 19 विद्यार्थी, कक्षा 12वीं के 20 विद्यार्थी, स्नातक स्तर के 3 विद्यार्थी, खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 1 प्रतिभा, एमबीबीएस में चयनित 1 प्रतिभा, शिक्षा स्नातक की 7 प्रतिभाएं, विभिन्न राजकीय सेवाओं में चयनित 13 युवा तथा 1 आलिमा शामिल रहीं।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन, संसाधनों और प्रोत्साहन की है। ऐसे सम्मान समारोह युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। वक्ताओं ने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। समारोह को संबोधित करते हुए आलम अली खान ने कहा कि शिक्षा ही समाज की वास्तविक ताकत है और शिक्षित युवा ही देश एवं समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

प्रधानाचार्य फुलाराम मीणा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का आधार है। नरेन्द्र कुमार बाकोलिया, गौरव सेनानी भंवरू खान, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक सत्यपाल सिंह, सब्बीर खान दौलतखानी, सेवानिवृत्त गिरदावर मुमताज खान, सेवानिवृत्त अध्यापक शौकत खान, बीडीसी सदस्य इमरान खान, राकेश तालनिया, फुलाराम कड़वासरा, आजम अली खान (पूर्व सरपंच पिथीसर), डॉ. इदरीश खान, डॉ. जाकिर चौहान, प्रेमचंद मीणा तथा शमशेर भालू खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गांव की प्रतिभाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। अतिथियों ने 65 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह के आयोजक समाजसेवी मजीद खान ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा का वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### बीकानेर में एसीबी का बड़ा एक्शन

# राज्य बीज निगम के निदेशक जुगल किशोर विश्नोई के घर एसीबी की रेड में 1 करोड़ 59 लाख मिले संपूर्ण राशि 2 करोड़ 44 नकदी बरामद कार्यवाही जारी

के के सिंह/कंट्री विजन/बीकानेर।

बीकानेर में किसानों को वितरित किए जाने वाले बीजों की गुणवत्ता और बीज वितरण व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य बीज निगम के निदेशक जुगल किशोर बिश्नोई के ठिकानों पर छापेमारी की है। कार्रवाई के दौरान अब तक कुल 2 करोड़ 44 लाख रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। एसीबी के अनुसार, जुगल किशोर बिश्नोई के घर से 1 करोड़ 59 लाख रुपए तथा उनके भांजे स्वतंत्र बिश्नोई के पास से बस में तलाशी के दौरान करीब 85 लाख रुपए बरामद किए गए। स्वतंत्र बिश्नोई को लूणकरणसर में गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जुगल किशोर बिश्नोई समेत पांच अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**नकली मूंगफली बीज मामले से जुड़ा है प्रकरण**

जानकारी के अनुसार, गजराज ब्रांड के मूंगफली बीजों से जुड़े मामले में किरण कापड़िया की कंपनी के गोदाम पर 27 मई 2026 को कार्रवाई की गई थी। जांच के दौरान बीजों के नमूने लिए गए थे और बिक्री पर रोक



लगाई गई थी। आरोप है कि इस कार्रवाई को प्रभावित करने, मामले को दबाने और गोदाम में रखे बीजों को वापस गुजरात ले जाने की अनुमति दिलाने के लिए भारी रिश्वत का लेन-देन हुआ। एसीबी के प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि इस मामले में लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए जुगल किशोर बिश्नोई को तथा करीब 60 लाख रुपए गणपत बिश्नोई को दिए गए थे। एसीबी को सूचना मिली थी कि रिश्वत की राशि में से करीब 90 लाख रुपए गंगानगर भेजे जा रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने लूणकरणसर में एक बस को रुकवाकर तलाशी ली, जहां स्वतंत्र बिश्नोई के कब्जे से 85 लाख रुपए नकद बरामद हुए।

**पांच लोग डिटेन, जांच जारी**

मामले में राजस्थान राज्य बीज निगम के निदेशक जुगल किशोर बिश्नोई, गजराज ब्रांड के प्रोपराइटर किरण कापड़िया, गणपत बिश्नोई, सुनील सेतिया और सतपाल को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। एसीबी का कहना है कि जांच में यह भी सामने आया है कि बीजों के नमूनों को प्रयोगशाला से पास करवाने और बिक्री पुनः शुरू करवाने के लिए विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों के माध्यम से अनुचित लाभ लेने के प्रयास किए गए। एसीबी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा उप महानिरीक्षक स्तर की निगरानी में मामले की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## 600 पुलिस जवानों ने स्मृति वन में चलाया, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान

### मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने निभाई सक्रिय सहभागिता

हरिमोहन/कंट्री विजन/झालावाड़।

झालावाड़ झालरापाटन पुलिस ट्रेनिंग सेंटर झालावाड़ के लगभग 600 जवानों एवं मॉर्निंग वॉक ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रातः स्मृति वन, नौलखा किला परिसर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत वॉकिंग ट्रैक की सफाई, झाड़ियों की कटाई तथा जंगल क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी कार्य किए गए।



पुलिस ट्रेनिंग सेंटर झालावाड़ के कमांडेंट गोपीचंद मीणा ने उपस्थित जवानों एवं नागरिकों को साइकिलिंग, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिलिंग से स्वास्थ्य बेहतर रहता है, ईंधन की बचत होती है तथा पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी सहायता मिलती है। उन्होंने स्वच्छ एवं हरित वातावरण को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। जवानों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए स्मृति वन परिसर की साफ-सफाई की तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मॉर्निंग वॉक ग्रुप के सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए स्वच्छता कार्यों में सहयोग किया। मॉर्निंग वॉक ग्रुप के सदस्य राजेंद्र राठौड़ (बना ), डॉ. नेमीचंद वर्मा, डॉ. राजेश शर्मा, अंबेश मीणा, कौशल गौतम, बंटी कारपेंटर, मोहित सैनी, दुर्गालाल मेघवाल, प्रहलाद भील ठाकुर, गुंजन राठौड एवं हितेश चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने स्मृति वन क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाए रखने तथा आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। मॉर्निंग वॉक ग्रुप द्वारा भविष्य में भी ऐसे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान निरंतर चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रुप के सदस्य राजेंद्र राठौड़ (बना ) ने सभी जवानों, अधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आगामी कारगिल विजय दिवस को लेकर सीमाजन कल्याण समिति की बैठक आयोजित

विनोद चारण/कंट्री विजन/ खाजूवाला

सीमाजन छात्रावास खाजूवाला में शनिवार को सीमाजन कल्याण समिति की तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के जिला सह मंत्री बृजलाल चाहर ने की।बैठक में आगामी जुलाई 2026 में मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रत्येक शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा सीमाजन छात्रावास के नए भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। बृजलाल चाहर ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।



सीमाजन संपर्क प्रमुख पुरुषोत्तम सारस्वत ने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार के तहत साहिल कुमार बेनीवाल (8 केवाईडी) को तहसील सह मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं प्यारेलाल, सूर्यप्रकाश जाट एवं महावीर बिश्नोई को तहसील कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

नगर टीम में विनोद भोभरिया, राजकुमार माली, सुनील माहर तथा मांगेराम को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला संगठन मंत्री प्रभुराम ने बताया कि सीमाजन छात्रावास संचालन टीम में हरीश फुलिया, राकेश चौहान एवं तीर्थराज कडेला को नियुक्त किया गया है। बैठक में तहसील मंत्री राजेंद्र आचार्य, प्रदीप भांभू, अजीत सिंह, बलराम जाखड़, ओमप्रकाश प्रजापत, राजवीर सिंह, लक्ष्मण दास सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

## जीवनदायिनी बल्ड सेवा समिति ने भरा 10वां भात

विनोद चारण/ कंट्री विजन/ खाजूवाला।

विगत कई वर्षों से लगातार समाजसेवा में अग्रणी रहने वाली जीवनदायिनी ब्लड सेवा समिति ने शनिवारए को सखी गांव (घड़साना) में एक जरूरतमंद अनाथ कन्या के विवाह उपलक्ष्य में सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए समिति की तरफ से 10वां भात भरा गया।



समिति के संस्थापक विनोद डारा और संचालक डॉ.पुनाराम रोझ ने बताया कि कन्या को समिति की तरफ से लगभग डेढ़ लाख रुपये के घरेलू जरूरत के उपकरण और आवश्यक सामान जैसे फ्रिज,कूलर,अलमारी,कुर्सियां,बर्तन सेट,कपड़े,100 से 150 लोगो हेतु राशन और अन्य जरूरत का सामान भात स्वरूप भेंट किये गए। इस सामाजिक सरोकार के दौरान जीवनदायिनी ब्लड सेवा समिति के सैंकड़ों कार्यकर्ता,सीमाजन कल्याण समिति के संगठन मंत्री प्रभुराम तथा युवा गौ सेवा टीम 8केवाइडी के सदस्य मौजूद रहे। कन्या के विवाह में इस प्रकार का सहयोग क्षेत्र में चर्चा और हर्ष का विषय बना हुआ है और लोग इसे पुनीत कार्य बता रहे हैं। विदित रहे कि जीवनदायिनी ब्लड सेवा समिति पिछले 5-7 सालों से लगातार रक्तदान के क्षेत्र में सिरमौर संस्था है जो जरूरतमंद लोगों को 24/7 रक्त संबंधी सहायता को तत्पर रहती है तथा अन्य सामाजिक सरोकारों के माध्यम से लगातार क्षेत्र में नई मिसाल पेश करती आ रही है।

# दिनदहाड़े युवती से मारपीट कर मोबाइल छीना, बदमाश फरार

अमन झालानी/कंट्री विजन/बयाना।

कस्बे के छीटमटीला इलाके में रविवार को दिनदहाड़े एक युवती से मारपीट कर उसका एंड्रॉयड मोबाइल फोन छीनने का मामला सामने आया है। घटना के बाद युवती ने शोर मचाते हुए आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश गलियों के रास्ते फरार होने में सफल रहा। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, छीटमटीला निवासी सलोनी सिंघल (21) पुत्री सोमेश्वर सिंघल रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपने घर से मौसी के घर जा रही थी। इस दौरान वह आरके टेलर वाली गली में अपनी बहन से मोबाइल फोन पर बातचीत कर रही थी। तभी पीछे से आए एक अज्ञात युवक ने उस पर



हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाश ने युवती का गला और मुंह दबाकर उसे सड़क पर गिरा दिया तथा उसके हाथ में मौजूद एंड्रॉयड मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद युवती ने शोर मचाया और आरोपी का पीछा करने का प्रयास किया। लेकिन वह तेजी से गलियों में भाग निकला।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी को सब्जी मंडी चौराहे से लाल दरवाजा रोड की ओर भागते हुए देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता व उसके परिजनों से जानकारी जुटाई। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए आसपास के बाजारों और मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। कोतवाली थाने के एएसआई सुरेशचंद मीना ने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर मोबाइल बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

# आधी रात बेसहारा महिला को मिला सहारा, अपनाघर आश्रम भरतपुर भेजा गया

अमन झालानी/कंट्री विजन/बयाना।

कस्बे में असहाय अवस्था में भटक रही एक निराश्रित महिला को सामाजिक संस्था अपनाघर सेवा समिति ने शनिवार देर रात संरक्षण प्रदान कर पुनर्वास के लिए भरतपुर स्थित अपनाघर आश्रम भेजा। समिति के अध्यक्ष योगेश सर्राफ के अनुसार शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे पंचायत समिति क्षेत्र निवासी हरिशंकर शर्मा ने फोन पर एक महिला के बेसहारा अवस्था में घूमने की



सूचना दी। महिला की स्थिति और रात का समय देखते हुए समिति की महिला इकाई को तत्काल सक्रिय किया गया। सूचना मिलते ही महिला सेवा साथी मौके पर पहुंचीं और महिला को समझाकर अपने संरक्षण में लिया। महिला ने अपना नाम आलिया तथा पिता का नाम शकील, माता का नाम परवीन बताते हुए खुद को इलाहाबाद निवासी बताया। उसने दो व्यक्तियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। समिति की महिला कार्यकर्ताओं के स्नेहपूर्ण व्यवहार से महिला सहज हो गई। उसने उनके साथ भोजन और पानी ग्रहण किया तथा काफी देर तक बातचीत भी की। इस दौरान स्थानीय थाना पुलिस को भी महिला के मिलने की सूचना दी गई। महिला इकाई की अनुपमा सिंह, ज्योति गोयल, मेघा सिंघल, बबीता जैन, मधु गर्ग, सुनीता और राधा गुप्ता ने महिला की देखभाल की। देर रात जब महिला को पुनर्वास के लिए अपनाघर आश्रम भरतपुर रवाना किया गया तो वह भावुक हो गई।

# थाने में आने वाले परिवादी की बात को गंभीरता से सुन अधिकारी तत्काल करें कार्यवाही - विपिन कुमार पाण्डे

मनोज पाराशर तन्नू/कंट्री विजन/ डीग।

डीग जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने तथा अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से रविवार को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विपिन कुमार पांडे एक दिवसीय डीग जिलें के दौरे पर रहे।इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं पुलिस लाईन मे नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक की गई।जहां जिला मुख्यालय पहुंचने पर पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके



पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का मुआयना किया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने, रिकॉर्ड के रखरखाव और पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान बैठक में जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था और अपराध के ग्राफ की समीक्षा की गई। एडीजी ने पुलिस प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ जिले में व्याप्त साइबर क्राईम को नियंत्रित करने हेतु विस्तृत चर्चा कर विशेष रणनीति के तहत साईबर क्राईम को नियंत्रित करने हेतु अभियान के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गये।बैठक में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों को गंभीरता से लेने एवं गंभीर प्रकति के अपराधों में वाछित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक विपिन कुमार पाण्डे ने कहा कि थाना क्षेत्र में चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिये थाना इलाका मे सतत निगरानी रखी जाकर रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू कर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही की जाकर अपराधों की रोकथाम में प्रभावी प्रयास किए जावें।तथा वांछित और ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान चलाया जाये। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक डीग कांबले शरण गोपीनाथ, एडीशनल एसपी डीग अखिलेश शर्मा,सीओ डीग सीताराम बैरवा सहित कामां,नगर ,पहाड़ी गोपालगढ़,जुरहरा कैथवाड़ा के थानाधिकारी मौजूद थे।

# बयाना में 70 मेधावी छात्र-छात्राओं और युवाओं का सम्मान, शिक्षा को बताया सामाजिक प्रगति का आधार

अमन झालानी/कंट्री विजन/बयाना।



महात्मा ज्योतिबा फुले एवं लवकुश शिक्षा एवं विकास समिति की ओर से रविवार को तीसरे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गणेशी मार्केट स्थित अग्रवाल मैरिज होम में आयोजित कार्यक्रम में सैनी-कुशवाह समाज की 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राएं एवं युवा शामिल रहे। समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा सरकारी सेवाओं में चयनित युवाओं को महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा, मेडल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित प्रतिभाओं और उनके अभिभावकों का उत्साह देखने को मिला। समिति अध्यक्ष प्रेमचंद कुशवाह ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की उन्नति और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा ऐसे सम्मान समारोह युवा पीढ़ी को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी अनिता कुशवाह ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी शिक्षित और जागरूक युवा पीढ़ी होती है। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को समाज और परिवार का गौरव बताते हुए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावकों और समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन महेश चंद्र सैनी ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार, मनोज कुमार, प्रहलाद, राजीव, रुक्मण, बबलेश सैनी, रमेश चंद, मोहन सिंह, योगेश कुशवाह एडवोकेट सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

## पूरे शहर का किया भोजन के लिए आमंत्रण

अनिल गोयल/कंट्री विजन/बाड़ी।

शहर में श्री राधा कृष्ण सेवा समिति द्वारा शहर वासियों के सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। 31 में से शुरू हुआ यह आयोजन 7 जून तक चल। जिसमें पूर्णाहुति हवन यज्ञ के बाद भंडारा किया गया। भंडारे में पांच हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। यह आयोजन सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। सात दिवसीय भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के इस आयोजन को लेकर राधा कृष्ण सेवा समिति की कोषाध्यक्ष त्रिलोक चन्दी गर्ग ने बताया की 31 मई से शहर की अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में भागवत



सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। भागवत कथा का वाचन श्री वृंदावन धाम से आये आचार्य पुष्कर दत्त शास्त्री ने किया। जिसमें भगवान कृष्ण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया और लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि ज्येष्ठ मास में बड़े महीने के चलते दान पुण्य का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस महीने में हमें श्रद्धा अनुसार दान करना चाहिए। रविवार को भागवत कथा का समापन हुआ। जिसमें शहर के सभी लोगों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की है। पूरे शहर को भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया गया है। समिति सदस्यों ने भोजन प्रसादी के लिए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग पंडाल बनाए। पांच हजार से अधिक लोगो के लिए भोजन की व्यवस्था की है। सुबह 10 बजे हवन यज्ञ समापन और भगवान को प्रसाद लगाने के बाद भंडारा शुरू हुआ है। जो शाम तक चला। आयोजन में राधा कृष्ण सेवा समिति के अध्यक्ष रामकिशन गर्ग,उपाध्यक्ष रामकुमार हरदेनिया,अशोक कुमार बंसल,राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, राजकुमार वेशान्दर,देवकीनंदन शर्मा,श्रीनिवास मित्तल,रविंद्र बंसल,भुवनेश बंसल सहित सैकड़ो लोग व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

# शहर के सैपऊ रोड पर परचून की दुकान पर सामान लेकर बिना पैसे दिए युवक फरार

## 5800 रुपये के लिए सिगरेट और बीड़ी पैकिट

अनिल गोयल/कंट्री विजन/बाड़ी।

शहर में एक चोर गिरोह ऐसा सक्रिय हुआ है जो दुकानों पर जाकर सामान लेने के बाद बिना भुगतान किए किसी न किसी बहाने चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। पिछले एक सप्ताह में चोरी की ऐसी कई वारदात सामने आई है लेकिन उनमें कम पैसों का सामान चोरी होने की वजह से दुकानदारों ने पुलिस में रिपोर्ट नहीं दी है। लेकिन रविवार को शहर के सैपऊ रोड़ पर एक दुकानदार से सामान लेने के बहाने 5800 रुपए के सिगरेट और बीड़ी के पैकेट चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उपखंड के गामरी गांव निवासी पीड़ित परचून दुकानदार संतोषी पुत्र रामदयाल वैश्य ने



बताया कि वह शहर में सैपऊ रोड पर बस स्टैंड के पास परचून की दुकान चलाता है। उसकी दुकान पर रविवार को सुबह करीब 20 से 22 वर्ष उम्र का एक लड़का आया,जिसने उससे सिगरेट और बीड़ी के पैकेट मांगे। उसने उसे निकाल कर दे दिए जो करीब 5800 रु का सामान था। इसी दौरान उसने कहा कि वह ऑनलाइन भुगतान करेगा। भुगतान से पूर्व उसने कहा कि आप अंदर से एक कोल्डड्रिंक की बोतल और ले आओ, जैसे ही दुकानदार अंदर कोल्डड्रिंक की बोतल लेने गया।

आरोपी चोर मौके से सिगरेट और बीड़ी के पैकिटो को लेकर भाग गया। दुकानदार ने बाहर निकलकर उसे देखा तो कहीं दिखाई नहीं दिया। इस दौरान उसने आसपास के लड़कों को बुलाकर चोर की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। ऐसे में घटना को लेकर अज्ञात चोरो के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। बाड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित मंगल ने बताया कि ऐसी दो-तीन बारदातें अन्य दुकानदारों के साथ भी बीते सप्ताह में हुई है। ऐसे में लगता है कि कोई चोर गिरोह सक्रिय है। इसलिए उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट नहीं दी है। फिर भी कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा से आग्रह है कि ऐसे चोरों का पता लगाकर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# जिला अस्पताल में लावारिस वेसुध मरीज को लेकर आये शहर के युवा: ड्यूटी डॉ ने भर्ती करने से किया मना तो युवाओ ने किया हंगामा

## क्रोनिक डिजीज के चलते बाद में मरीज की बिगड़ी तबियत तो धौलपुर किया शिफ्ट

अनिल गोयल/कंट्री विजन/बाड़ी।



शहर के जिला अस्पताल में शनिवार रात उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ युवा तुलसीवन रोड स्थित मनोहर दास मंदिर के पास गंभीर हालत में पड़े एक बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल लाए। इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने बुजुर्ग की जांच के बाद उसे भर्ती करने से मना कर दिया और हायर सेंटर रेफर ले जाने की सलाह दी जिससे युवा भड़क गए और अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। युवाओं ने बताया कि उनको यह बुजुर्ग लावारिस हालत में मंदिर पर मिला है और उसका कोई नहीं है,इसलिए वे उसे तड़फता हुआ देख रात दस बजे अस्पताल लाये है। जहां उसको उपचार की जरूरत है। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ.अश्वनी लखीवाल ने इसे एसआईटी का मामला बताते हुए हायर सेंटर ले जाने की बात पर जोर दिया। ऐसे में डॉक्टर और युवाओ के बीच गहमागहमी हो गई। बाद में हंगामा हुआ तो मामले की जानकारी पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल को दी गई। जिन्होंने भी डॉक्टर द्वारा दी गई जानकारी के बाद इसे गंभीर मामला बताते हुए बुजुर्ग को धौलपुर रेफर करने की सलाह दी। पीएमओ ने यह भी कहा कि जो लोग बुजुर्ग को लाए हैं, वही उसे हायर सेंटर लेकर जाएंगे। इसके बाद युवा आक्रोशित हो गए और उन्होंने हॉस्पिटल के इस व्यवहार को बेतुका बताते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को फोन पर पूरे मामले की जानकारी दी। कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पवन गोस्वामी अस्पताल पहुंचे। उनकी देखरेख में बुजुर्ग का उपचार शुरू किया गया। अस्पताल में जिस बुजुर्ग को उपचार के लिए युवा लेकर आये उसकी पहचान हरविलास पुत्र प्रभूलाल शिवहरे के रूप में हुई है जो पुराना बाजार बाड़ी का रहने वाला बताया गया है,वर्तमान में उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति नहीं रहता है। यह बुजुर्ग मंदिर पर कैसे पहुंचा,इसकी भी किसी को कोई जानकारी नहीं है। शहर के युवा रविंद्र बंसल,सचिन बंसल,मंथन कुमार,ऋषभ शर्मा,भुबनेश बंसल और यश सोनी पुलिस की मदद से बुजुर्ग को अस्पताल लाए थे।

## कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण और कार्यकर्ता मिलन समारोह

# सौ से अधिक युवाओ के साथ पूर्व पार्षद रामवीर पोसवाल ने की कांग्रेस पार्टी ज्वाइन

## हजारो की संख्या में भीड़ के बीच बैठक में पहली बार पहुंचे प्रदेश पदाधिकारी

अनिल गोयल/कंट्री विजन/बाड़ी।




शहर के बसेड़ी रोड़ स्थित एक निजी मेरिजहोम में रविवार को कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन और नवीन सदस्यता ग्रहण स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें 100 अधिक युवाओं और पूर्व पार्षदों के साथ युवा एवं समाजसेवी रामवीर पोषवाल ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी में अपना विश्वास जताया। सदस्यता ग्रहण का यह पूरा कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अजीत यादव के आतिथ्य में हुआ। जिसमें कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं बसेड़ी विधायक संजय जाटव,विधानसभा प्रभारी एवं पीसीसी सचिव सद्दाम हुसैन और भरतपुर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा,पूर्व प्रधान बसेड़ी लाखन सिंह खिरोड़ा अथिति के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे बाड़ी के कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रशांत परमार ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी के प्रति युवाओं में लगातार विश्वास बढ़ रहा है। जिसका उदाहरण यह बाड़ी का कार्यक्रम बना है। यहां युवाओं को साथ लेकर चलने वाले कई बार के पार्षद रामवीर पोसवाल और उनके 100 से अधिक साथियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है। इस सदस्यता से कांग्रेस में ताकत बड़ी है। जिसका परिणाम आगामी नगर पालिका चुनाव और पंचायत चुनाव में देखने को मिलेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह धर्म के आधार पर एक दूसरे को लड़ाने वाली पार्टी का साथ छोड़े,आजादी के समय से देश को विकास के रास्ते पर ले जाने वाली कांग्रेस पार्टी से जुड़े और साथ दें। उन्होंने भाजपा को अवसरवादी पार्टी बताया और उसकी निति यूज़ एंड थ्रो की बताते हुए सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने वाली पार्टी का नाम दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि आज युवा सड़क पर है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है,महंगाई की कोई सीमा नहीं है, आज ही सरकार ने घरेलू गैस पर फिर से दाम बढ़ा दिए,जिसका सीधा असर पूरे देश की जनता पर पड़ेगा।

# वीरमपुरा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा महोत्सव का आगाज

## भक्ति और सत्संग से मानव जीवन होता है सफल - मुरारी मोहन

अमन झालानी/कंट्री विजन/बयाना।

उपखंड क्षेत्र के बीरमपुरा कस्बे के मिस्त्री मार्केट में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया, वहीं श्रद्धालु भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोष के साथ कथा स्थल तक पहुंचे। बैंड-बाजों पर बजते भक्तिमय भजनों और मार्ग में विभिन्न स्थानों पर हुई पुष्पवर्षा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। कलश यात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। कथा का वाचन मुरारी मोहन दास द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे



तक आयोजित होगी। कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा व्यास मुरारी मोहन दास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति, सत्संग और सदाचार के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सफल, सार्थक और कल्याणकारी बना सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक मूल्यों और धार्मिक संस्कारों की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। भागवत कथा मनुष्य को नैतिकता, करुणा, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। आयोजकों के अनुसार कथा महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संरक्षण एवं प्रसार करना है। सात दिवसीय इस आयोजन का समापन 14 जून को हवन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ होगा। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरे आयोजन में उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

# केंद्र में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर 21 जून को भरतपुर में हुंकार सभा

अमन झालानी/कंट्री विजन/बयाना।

भरतपुर, डीग और धौलपुर जिले के जाट समाज के युवाओं को केंद्र सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग को लेकर 21 जून को भरतपुर के नुमाइश मेला मैदान में प्रस्तावित हुंकार सभा की तैयारियां तेज हो गई हैं। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचकर समाज के लोगों को सभा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। संघर्ष समिति के संयोजक नैमसिंह फौजदार ने बताया कि भरतपुर, डीग और धौलपुर क्षेत्र के जाट समाज को



केंद्र में ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए लंबे समय से आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को समिति के सदस्यों ने गांव पुराबाईखेड़ा, नगला झामरा तथा आसपास के अन्य गांवों का दौरा कर समाज के वरिष्ठजनों और सरदारी से मुलाकात की। इस दौरान पीले चावल देकर लोगों को 21 जून की हुंकार सभा में बड़ी संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। जनसंपर्क अभियान में राजेंद्र सोलंकी, हाकिम भगत, झब्बू मास्टर, समय सिंह सरपंच, प्रताप मास्टर, चतुर्भुज, सहदेव, चंदर सोलंकी, सिया मास्टर, प्रहलाद, मंगती, जयसिंह मास्टर, भीम मास्टर, महेंद्र भगौर, सुभाष, शिवचरण, भूपेंद्र सरपंच और विश्वेंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि हुंकार सभा में क्षेत्रभर से युवाओं और समाज के लोगों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सभा के दौरान आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# सूरौठ में सैनी समाज के पद गायन दंगल का हुआ समापन, गायक कलाकारों को किया सम्मानित

कंट्री विजन /सूरौठ।

कस्बे में उदासी के बाग के पास सैनी माली समाज की ओर से आयोजित पद गायन दंगल का समारोह पूर्वक समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ ठंडी लाल राजावत, भामाशाह शिवचरण सैनी सहित सैनी समाज के पंच पटेलों ने गायक कलाकार गिर्राज सैनी हिंडौन, दिनेश सैनी भूडा (अलवर) , राम खिलाड़ी सैनी बसवा एवं जगन सैनी नंदेरा को इनाम राशि एवं पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। सैनी समाज के पंच



पटेलों ने गायक कलाकारों का साफे व मालाएं पहनाकर सम्मान किया। मंच संचालन उप प्रधानाचार्य देवी सिंह सैनी एवं अध्यापक हरिमोहन पुष्पद ने किया। कार्यक्रम में सभापति देव फूल सैनी, रामचरण सैनी, झम्मन मेंबर, जगमोहन सैनी, कंचन पटेल, भोली सैनी, श्योदान सैनी, रतन सैनी, डॉ ठंडी लाल राजावत, चरण सैनी, भामाशाह शिवचरण सैनी, बाबू हलवाई, दीपू सैनी, राम खिलाड़ी मेंबर, शेर सिंह सैनी, गणेश सैनी सहित काफी संख्या में सैनी समाज के पंच पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे। पद दंगल में गायक कलाकारों ने लोक गायन, भारतीय संस्कृति एवं भक्ति पर आधारित कथाओं का भावपूर्ण एवं मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया, जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को लोक परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक संदेशों से परिचित होने का अवसर मिला। सभी गायन पार्टियों ने अपनी कला, संगीत और वाणी के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया, बल्कि लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की भेंट

**कंट्री विजन/ जालोर।**

भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर जालोर जिले एवं भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर विचार-विमर्श हुआ। राजपुरोहित ने क्षेत्र की जनभावनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बेहतर सड़क संपर्क, पेयजल व्यवस्था और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मुलाकात में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा आमजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुनते हुए जनहित एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस मुलाकात को जिले के विकास और संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# भाजपा आसावरा मंडल की मासिक बैठक आयोजित, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का लिया निर्णय

**भगवान तिवारी/कंट्री विजन/ सांवलियाजी।**

भारतीय जनता पार्टी आसावरा मंडल की मासिक बैठक आज मंडल अध्यक्ष नेमीचंद भाट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कालूराम गायरी, मंडल



महामंत्री मुकेश खंडेलवाल, ओमप्रकाश कीर, संरक्षक राजेंद्र सिंह सोलंकी, भंवर सिंह, इंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश भंसाली, रतनलाल जाट, अभय सिंह शक्तावत, विक्रम सिंह चौहान, भंवर सिंह बलिया खेड़ा, श्याम सिंह तरजेला, किशन मेनारिया, महेंद्र देवासी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# साइकिल रैली और योग के साथ चित्तौड़गढ़ पुलिस ने दिया फिटनेस का संदेश

**गोपाल चतुर्वेदी /कंट्री विजन / चित्तौड़गढ़।**

फिट इंडिया मिशन के तहत चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा रविवार प्रातः ÷सन्डे ऑन साईकल ÷ कार्यक्रम एवं योग गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उप अधीक्षक बृजेश सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना कर किया गया। सुभाष चौक से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक आयोजित साइकिल रैली तथा स्टेडियम में आयोजित योग कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों,



कर्मचारियों, युवाओं एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन से ही स्वस्थ समाज एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा साइकिल रैली में सहभागिता कर फिट इंडिया मिशन का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने आमजन के साथ साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साइकिल रैली के उपरांत इंदिरा गांधी स्टेडियम में योग, रोप स्किपिंग एवं अन्य फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# इनामी भूमाफिया विष्णु शर्मा गिरफ्तार, पक्के निर्माण तोड़कर प्लॉटों पर करता था कब्जा

**कंट्री विजन/ जयपुर।**

जयपुर शहर में भूमाफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जामडोली थाना क्षेत्र की विवादित महेश विहार कॉलोनी में अवैध कब्जे करने वाले इनामी आरोपी विष्णु शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ प्लॉटों और मकानों पर जबरन कब्जा करने के संबंध में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजिता शर्मा के अनुसार महेश विहार कॉलोनी में विष्णु शर्मा अपने सहयोगियों अजीत सिंह घासी गुर्जर एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर संगठित रूप से अवैध कब्जों की गतिविधियों में शामिल था। आरोप है कि गिरोह भूखंड मालिकों के पक्के निर्माणों को तोड़कर जमीन पर कब्जा कर लेता था और रातों-रात बाउंड्रीवॉल तथा कमरे बनवा देता था। इससे परेशान होकर कई भूखंडधारियों ने जामडोली थाने में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए थे। जामडोली थानाधिकारी रतन सिंह कविया ने बताया कि टीम ने वांछित आरोपियों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और लोकेशन का विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से जयपुर शहर के विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई।

# माली समाज जिला जालोर प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 के आवेदन पत्र जारी

## मेधावी विद्यार्थियों व नवनियुक्त अधिकारियों का होगा सम्मान

**कंट्री विजन/ भीनमाल।**

संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान (भीरू ग्रुप) द्वारा आयोजित होने वाले माली समाज जिला जालोर प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 के लिए आवेदन पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह निर्णय रविवार को संस्थान के स्थानीय कार्यालय में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष लालाराम परमार ने की। समारोह का आयोजन भीनमाल स्थित क्षेमंकरी माताजी तलहटी के माली समाज भवन में किया जाएगा। संस्थान द्वारा जारी पात्रता के अनुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं में 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाले, कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को



सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा स्नातक, स्नातकोत्तर तथा विभिन्न डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 65 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं भी सम्मान के पात्र होंगे। वहीं CAT, CLAT, JEE, NEET, CA, CS, ICWA सहित अन्य प्रतियोगी एवं प्रोफेशनल परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्थान ने बताया कि केवल वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे जिनका परीक्षा परिणाम 1 जनवरी 2026 के बाद घोषित हुआ हो। आवेदन पत्र के साथ अंकतालिका और आधार कार्ड की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। समारोह में जालोर जिले के माली समाज के नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी विशेष सम्मान किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में संरक्षक भंवरलाल सोलंकी, छगाराम सांखला, सचिव पारसमल सांखला, उपाध्यक्ष रमेशकुमार सुन्देशा सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्थान हेतु भूमि आवंटन प्रस्ताव पर विधायक आक्या का अभिनंदन, शीघ्र स्वीकृति का दिया आश्वासन

**गोपाल चतुर्वेदी /कंट्री विजन / चित्तौड़गढ़।**

श्रीमाली ब्राह्मण समाज तड़बारा मेवाड़ संस्थान, चित्तौड़गढ़ के लिए समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम सेंथी में 3000 वर्ग मीटर भूमि आवंटन के आवेदन पर सकारात्मक पहल होने से समाज में हर्ष का माहौल है। माननीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की विशेष अनुशंसा पर उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु नगर परिषद द्वारा राज्य सरकार को प्रेषित किए जाने पर समाजजनों ने विधायक का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। समाज



के अध्यक्ष मदन व्यास एवं महामंत्री उदयलाल श्रीमाली के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक कमल दवे, प्रफुल्ल त्रिवेदी, जगदीश श्रीमाली, शांतिलाल त्रिवेदी, हीरालाल त्रिवेदी, सुरेश श्रीमाली, मनोहर श्रीमाली, पुष्कर श्रीमाली, लक्ष्मीलाल, हरीश, कीर्तिवर्धन, रविंद्र श्रीमाली, चंद्रशेखर, दिनेश, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मातृशक्ति की ओर से जयश्री, चंदा, शांता, अनिता, रेखा एवं रंजना सहित अनेक महिलाओं ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक आक्या को ज्ञापन सौंपते हुए नगर परिषद द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए अनुशंसा पत्र की प्रति भी प्रस्तुत की तथा भूमि आवंटन प्रस्ताव को शीघ्र अभिस्वीकृति दिलाने का आग्रह किया। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने समाजजनों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर प्रस्ताव को जल्द से जल्द स्वीकृत कराने के प्रयास किए जाएंगे।

# जन अभियोग निराकरण समिति में मनोनयन पर रमेश सोनी का भव्य स्वागत

**कंट्री विजन/ भीनमाल।**

राजस्थान सरकार द्वारा जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति के सदस्य पद पर मनोनीत किए जाने के बाद रमेश सोनी पुनासा का अपने पैतृक गांव में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और प्रबुद्ध नागरिकों ने साफा, मालाएं और पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया। यह स्वागत समारोह भाजपा भीनमाल विधानसभा के जुंजाणी मंडल की आत्मनिर्भर मंडल कार्यसमिति बैठक के दौरान श्री माजीसा धाम परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और संगठन के नारों के साथ उनका




स्वागत किया। इस अवसर पर मिठाइयां बांटी गईं तथा कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी भरतसिंह राव, पूर्व जिला मंत्री इन्द्रसिंह राणावत, मंडल अध्यक्ष सांवलाराम देवासी सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि रमेश सोनी का समिति में मनोनयन भीनमाल और जालोर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि सोनी आमजन की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा प्रशासन और जनता के बीच प्रभावी सेतु बनेंगे। रमेश सोनी ने स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन और सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

# अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना से बदलेगी वागड़ की तस्वीर, 338 गांवों को मिलेगा सिंचाई जल

**कंट्री विजन/ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में बांसवाड़ा जिले में निर्माणाधीन अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना वागड़ अंचल के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। लगभग 2,500 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से जनजाति बहुल क्षेत्रों में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

परियोजना के तहत बांसवाड़ा, बागीदौरा और कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्रों की छह तहसीलों के 338 गांवों की करीब 42 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को लिफ्ट सिंचाई प्रणाली के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे लगभग 3.5 लाख लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। परियोजना की मुख्य नहर की लंबाई 102 किलोमीटर है,




जिसमें 22.50 किलोमीटर लंबी सुरंगें, कट-एंड-कवर संरचनाएं, एक्वाडक्ट और साइफन बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य नहरी संरचनाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। किसानों तक पानी पहुंचाने के लिए आधुनिक प्रेशर आधारित सिंचाई तंत्र विकसित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत डिग्गियों और भूमिगत पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए खेतों तक नियंत्रित एवं वैज्ञानिक तरीके से जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए अत्याधुनिक स्काडा प्रणाली लागू की जा रही है, जिससे जल प्रवाह, दबाव और वितरण का रियल-टाइम नियंत्रण संभव होगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और मक्का, गेहूं, दलहन, तिलहन तथा बागवानी फसलों का रकबा विस्तारित होगा।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों से पेयजल व्यवस्था हुई मजबूत, 19 हजार से अधिक समस्याओं का समाधान

**कंट्री विजन/ जयपुर**

भीषण गर्मी के दौरान प्रदेशवासियों को पर्याप्त एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष राज्यव्यापी अभियानों से व्यापक राहत मिली है। 5 अप्रैल से 6 जून तक आयोजित सात विशेष अभियानों में प्रदेशभर में 19,072 पेयजल संबंधी कार्य पूरे किए गए। इन अभियानों के तहत 3,766 हैंडपंपों की मरम्मत, 2,236 पाइपलाइन लीकेज की दुरुस्ती, 1,219 प्रेशर संबंधी समस्याओं का समाधान तथा 1,390 बाधित जलापूर्ति मामलों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा कम सप्लाई, प्रदूषित जल और अन्य शिकायतों का भी समाधान किया गया। शनिवार को आयोजित सातवें अभियान में विभागीय टीमों ने 3,077 कार्य पूरे किए। इस दौरान 689 हैंडपंप चालू किए गए, 592 पाइपलाइन लीकेज ठीक किए गए तथा 246 क्षेत्रों में बाधित जलापूर्ति बहाल की गई। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ भी कार्रवाई की। सातवें अभियान में 426 अवैध कनेक्शन हटाए गए। अब तक कुल 1,827 अवैध कनेक्शन हटाए जा चुके हैं, जिससे पेयजल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में मदद मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हैंडपंपों और पाइपलाइन नेटवर्क की मरम्मत के साथ जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया गया है। विभाग के अनुसार विशेष अभियान 30 जून तक जारी रहेंगे, ताकि गर्मी के मौसम में आमजन को बेहतर पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।




## साथी के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा रहा एसडीआरएफ

# दिवंगत जवान के परिजनों को 11.22 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान



**कंट्री विजन/ जयपुर**

राजस्थान राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) ने अपने दिवंगत जवान के परिवार के प्रति संवेदनशीलता, एकजुटता और पारिवारिक भावना का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वर्गीय जवान जितेंद्र सिंह के परिजनों को ?11.22 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। एडीजी एसडीआरएफ रुपिंदर सिंघ तथा कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में एसडीआरएफ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से अपने एक दिन का वेतन योगदान कर यह सहायता राशि एकत्रित की गई। इस पहल का उद्देश्य दिवंगत जवान के परिवार को संबल प्रदान करना और यह संदेश देना था कि एसडीआरएफ अपने प्रत्येक साथी और उसके परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। उल्लेखनीय है कि एसडीआरएफ राजस्थान की जी कंपनी में बीकानेर संभाग मुख्यालय पर तैनात जवान स्वर्गीय जितेंद्र सिंह का 29 मार्च को बीमारी के चलते असामयिक निधन हो गया था। उनके निधन से सम्पूर्ण एसडीआरएफ परिवार शोकाकुल हो गया था। इसी क्रम में सहायक कमांडेंट जग्गू राम ने ग्राम नोखा स्थित दिवंगत जवान के निवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र को ?11,22,000 (ग्यारह लाख बाईस हजार रुपये) की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंपनी कमांडर राकेश कुमार एवं प्लाटून कमांडर सुभाष चंद्र सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# श्री चतुर्भुज मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**कंट्री विजन/ जयपुर**

पुरुषोत्तम मास अधिक मास में प्राचीन परंपरा के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री चतुर्भुज जी मंदिर अन्तर्गत ठि श्री गलता जी छोटी चौपड़ पर कथा का शुभारंभ हुआ। कथा से पहले रविवार को तारकेश्वर महादेव मंदिर से प्रातः संत महंतों के सानिध्य में कलश पोथी पूजन हुआ । 151 महिलाओं के द्वारा कलश एवं पोथी यात्रा निकाली गई। यात्रा ताड़केश्वर जी मंदिर से रवाना होकर कथा स्थल छोटी चौपड़ श्री



चतुर्भुज मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई । कथावाचक वेदाचार्य डॉ प्रशांत शर्मा अपनी ओजस्वी वाणी से भक्तों को कथा श्रवण करवा रहे है। कथा में 10 जून को नंद उत्सव मनाया जाएगा, 11 जून को छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी, 15 जून को संत सम्मान ब्राह्मण सम्मान हवन यज्ञ के साथ 108 पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक के साथ कथा का विश्राम होगा। कथा में प्रतिदिन संत महंतों का आगमन होगा। कथा के पहले दिन पुरुषोत्तम मास और भागवत जी का महात्म बताया गया ।

# मीनाक्षी विश्वास ने मिसेज राजस्थान 2026 रनर अप का जीता है खिताब



**सुमेर सिंह राव / कंट्री विजन /उदयपुरवाटी।**

कस्बे में सावन वाले कुए पर रहने वाले डॉक्टर तपन कुमार विश्वास की लाडली बिटिया मीनाक्षी विश्वास ने मिसेज राजस्थान 2026 का रनरअप का खिताब जीतने पर उदयपुरवाटी कस्बे में घूम चक्कर से लेकर उनके आवास तक डीजे की धुन पर नाचते गाते लोगों ने उनके आवास तक जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया द्य जयपुर से उदयपुरवाटी अपने परिवार से मिलने आई मीनाक्षी विश्वास का मिसेज राजस्थान 2026 के सफर के बाद जहां उनके घर परिवार में खुशी का माहौल है वहीं उदयपुरवाटी में भी लोगों ने काफी खुशी जाहिर की है द्य इस दौरान मीनाक्षी विश्वास के पिता तपन कुमार विश्वास ,माता सुजाता विश्वास, पति अभिजीत सिंह, के अलावा डॉक्टर तपन कुमार विश्वास के अजीज मित्र मूलचंद सैनी , विनोद शर्मा, उषा शर्मा ,नायना विश्वास ,सुजाय विश्वास , दिया विश्वास, कौशल्या, आशा, सुनीता, मनीषा, गौरव, सजना, अनु, शालू आदि लोग मौजूद रहे ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक रोहित गौतम द्वारा उदय प्रिन्टर्स 43ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाजार, जयपुर, राज. से मुद्रित ई 2/0/19, द्वारकापुरी अपार्टमेंट, सेक्टर-26,प्रताप नगर, जयपुर से प्रकाशित।
संपादकः दिनेश कुमार गौतम*, पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी* मो. 9509966508, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।